दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Asli Azadi Dainik
@AsliAzadiDainik

www.asliazadi.com

# असली आज़ादी

SINCE 2005

■ वर्षः 19, अंकः 185 ■ दमण, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024, ■ पृष्ठः 8 ■ मूल्यः 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट

## दमण-दीव और दानह की लोकसभा सीटों पर पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह चुनाव प्रचार के लिए आयेंगे

■ 30 अप्रैल को दमण में पीएम मोदी की चुनावी सभा और 25 अप्रैल को दादरा नगर हवेली में गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी सभा का हो रहा है आयोजन ■ पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी सभा लोकसभा की दोनों सीटों पर डाल सकती है प्रभाव



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 18 अप्रैल। दादरा नगर हवेली और दमण-दीव की लोकसभा सीटों पर भाजपा का प्रचार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का दमण और दादरा नगर हवेली में दौरा होने जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दमण में चुनावी जनसभा आयोजित होगी। दमण-दीव लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल के लिए पीएम मोदी मतदाताओं का समर्थन मांगेंगे। जबकि 25 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह दादरा नगर हवेली में भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह की दमण और दादरा नगर हवेली में चुनावी जनसभा दोनों सीटों पर प्रभाव डाल सकती है।




क्या खूबसूरत सूर्यास्त से ज्यादा लुभावनी कोई चीज़ है ? प्रत्येक दिन के अंत में, हम ढलते सूरज पर भरोसा कर सकते हैं। सूर्योदय पुनर्जन्म और जागृति का प्रतिनिधित्व करता है, सूर्यास्त हमारे जीवन में रीसेट का प्रतीक है क्योंकि हम एक नई सुबह, एक नई शुरुआत का वादा करने के लिए तैयार होते हैं। तस्वीर में दमण का सनसेट प्वाइंट नजर आ रहा है। जिसे देखने के लिए हर रोज सैकडों पर्यटक पहुंचते है। फोटो स्टोरी : ध्रुविक भट्ट

## दमण फायर विभाग ने नमो पथ पर फायर सर्विस वीक अंतगर्त निकाली रैली

■ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा डायरेक्टर एवं आईजी मिलिंद महादेव दुम्बेरे के मार्गदशन में आयोजित रैली में दमण फायर एवं इमरजेंसी सर्विस के सहायक निदेशक ए. के. वाला, सहायक फायर स्टेशन ऑफिसर सुमन पटेल एवं फायर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी हुए शामिल




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 18 अप्रैल। अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा द्वारा फायर सर्विस वीक मनाया जा रहा है। 14 अप्रैल से शुरु हुए फायर सर्विस वीक के अंतर्गत फायर विभाग की टीम द्वारा दमण में लोगों को फायर सेफ्टी की जानकारी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से दी जा रही है। इसी के तहत अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा डायरेक्टर एवं आईजी मिलिंद महादेव दुम्बेरे के मार्गदशन में आज नमो पथ पर फायर विभाग द्वारा फायर सर्विस वीक के अंतर्गत रैली निकाली गयी। इस अवसर पर दमण फायर एवं इमरजेंसी सर्विस के सहायक निदेशक ए. के. वाला, सहायक फायर स्टेशन ऑफिसर सुमन पटेल एवं फायर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी रैली में शामिल हुए। रैली के माध्यम से फायर विभाग की सेवाओं के बारे में लोगों को जानकारी देने के साथ ही फायर से संबंधित अन्य जानकारियां दी गयी। इस रैली में शामिल दमकल गांडियां नमो पथ पर भ्रमण कर फायर सेफ्टी के साधनों का प्रदर्शन किया।

## दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट के लिए अभी तक हुए कुल 4 नामांकन

■ नामांकन दाखिल करने की आज अंतिम तिथि

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 18 अप्रैल। दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट पर भारतीय चुनाव आयोग ने तीसरे चरण में 7 मई 2024 को मतदान करने का सुनिश्चित किया है। इसके लिए 19 अप्रैल तक प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। लेकिन अभी तक दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट के लिए कुल चार नामांकन ही दाखिल किए गए हैं। जिसमें प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कालबेन डेलकर, बहुजन समाजवादी पार्टी की ओर से संदीप शंकर बोरसा के अलावा आदिवासी विकास पार्टी की तरफ से दीपक कुराड़ा द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। नामांकन भरने की 19 अप्रैल 2024 को अंतिम तिथि है और अभी तक देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस द्वारा अपने उम्मीदवार का नामांकन नहीं किया जा सका है। लेकिन कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि अजीत माहला जो कांग्रेस पार्टी के घोषित उम्मीदवार हैं उनके द्वारा 19 अप्रैल को नामांकन दाखिल किया जाएगा।

## भारत निर्वाचन आयोग की दीव जिले की ऑब्जर्वर के. एस. लता कुमारी ने नोडल अधिकारियों की बुलाई बैठक

■ लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों का लिया विस्तृत जायजा



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 18 अप्रैल। भारत निर्वाचन आयोग की दीव जिले की ऑब्जर्वर के. एस. लता कुमारी ने आज सुबह 11 बजे दीव समाहर्तालय सभागार में नोडल अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया और दीव में आगामी लोकसभा सामान्य चुनाव की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। उपस्थित अधिकारियों ने ऑब्जर्वर को चुनाव की तैयारियों के बारे में अपेक्षित तथ्यात्मक जानकारी दी और चुनाव के सफल आयोजन संबंधी विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। इस बैठक में समाहर्ता/जिला निर्वाचन अधिकारी भानु प्रभा सहित अपर जिलाधीश डॉ. विवेक कुमार, पुलिस अधीक्षक पीयूष फूलझेले निराकर, उप समाहर्ता शिवम मिश्रा एवं दीव के विभिन्न नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत भारतीय चुनाव आयोग की जनरल ऑब्जर्वर ने स्ट्रोंग रूम, वेयरहाउस, काउंटिंग हॉल और निर्वाचन प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया और निर्वाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने हेतु जरूरी निर्देश एवं सुझाव दिए। इस दौरान उनके साथ समाहर्ता/सहायक निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार के सुझाव या शिकायत के लिए दीव जिले की ऑब्जर्वर के. एस. लता कुमारी को संपर्क संख्या 02875-252500/6351510704 पर संपर्क किया जा सकता है।

## श्री माछीमार कल्याण मंडल घोघला ने कुंभ यात्रा एवं नवचंडी यज्ञ का किया भव्य आयोजन



असली आजादी न्यूज नटेवर्क, दीव 18 अप्रैल। घोघला के मीठाबावा स्थित लाखवाई माता के मंदिर में श्री माछीमार कल्याण मंडल द्वारा नवचंडी यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। माछीमार कल्याण मंडल के सदस्यों द्वारा सुबह गौशाला में गायों को घास, गंगेश्वर महादेव और समुद्र देवी की पूजा की गयी। इसके बाद लाखवाई माता मंदिर से कुंभ यात्रा निकली, जो घोघला की गली-गली से होते हुए लाखवाई माता मंदिर पहुंची। जहां भव्य नवचंडी यज्ञ का आयोजन किया गया। यजमानों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया। इसके बाद महाआरती, थाल, प्रसाद आदि का आयोजन किया गया। इस पवित्र हवन का उद्देश्य मछुआरों को मछली पकड़ने जाने पर किसी भी तरह की हानि से बचाना है और सुरक्षा शांति आदि के लिए इस हवन का आयोजन किया जाता है। कहा जाता है कि लाखवई माता समुद्र में हैं, समुद्र के सामने मछुआरों द्वारा एक मंदिर बनाया गया है ताकि हर मछुआरा और उनका परिवार इस मंदिर में पूजा कर सके। यह हवन हर साल आयोजित किया जाता है। इस साल श्री माछीमार कल्याण मंडल एवं उनका परिवार तथा खारवा समाज के अग्रणी बडी संख्या में उपस्थित रहे।

## वणाकबारा जेटी पर अचेत अवस्था में मिला बालक, पीसीआर टीम ने पहुंचाया अस्पताल



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 18 अप्रैल। दीव के वणाकबारा जेटी पर 14 वर्षीय जनक परेश सोलंकी अचेत अवस्था में पडा था। एक बच्चे की नजर उसके उपर पडने पर इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस कर्मी दीपक जानी एवं भारतीबेन ने पीसीआर के माध्यम से अचेत बालक जनक सोलंकी को तुरंत वणाकबारा अस्पताल पहुंचाया। जहां पर बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद एम्बुलेंस के माध्यम से दीव सरकारी अस्पताल लाया गया। दीव अस्पताल में बच्चे का इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए ऊना रेफर कर दिया गया। इस घटना की जानकारी जनक सोलंकी के परिजनों को होते ही परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंच गये थे।

## रामनवमी पर निकली श्री राम शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों को स्व. दिव्येशभाई एवं उनके ग्रुप ने पानी एवं जूस की सेवा प्रदान की



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 18 अप्रैल। दमण में रामनवमी पर श्री राम शोभायात्रा समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गयी थी। यह शोभायात्रा दमण शहर के विभिन्न विस्तारों से होकर गुजरी। इसी दौरान स्वर्गीय दिव्येशभाई एवं उनके ग्रुप द्वारा तीन बत्ती पर स्टॉल लगाकर श्री राम शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों को पानी एवं जूस की सेवा प्रदान की।

## केरल के अलाप्पुझा में बर्ड फ्लू के मामले

अलाप्पुझा (केरल), 18 अप्रैल (वेब वार्ता)। केरल के अलाप्पुझा में 'बर्ड फ्लू' के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एडथवा ग्राम पंचायत के वार्ड-एक के एक क्षेत्र और चेरुथना ग्राम पंचायत के वार्ड तीन के एक अन्य क्षेत्र में पालतू बत्तखों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। बत्तखों में बीमारी के लक्षण दिखने के बाद भोपाल की एक प्रयोगशाला में उनके नमूनों का परीक्षण किया गया, जिसके बाद उनमें 'बर्ड फ्लू' की पुष्टि हुई। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि नमूनों में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) की पुष्टि हुई है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार की कार्ययोजना के अनुरूप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई जिसमें प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में घरेलू पक्षियों को मारने और सुरक्षित तरीके से उनका निपटान करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है। अधिकारी ने कहा एक त्वरित कार्रवाई बल का गठन किया जाएगा और पशु कल्याण विभाग द्वारा संबंधित तैयारियां जल्द से जल्द पूरी की जाएंगी। जिला प्रशासन ने कहा कि अनावश्यक रूप से घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि इस बीमारी के इंसानों में फैलने की कोई संभावना नहीं है।

## बालाजी की न्यायिक हिरासत 22 अप्रैल तक बढ़ी

चेन्नई। तमिलनाडु में चेन्नई के प्रधान सत्र न्यायालय ने द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 22 अप्रैल तक बढ़ा दी है। श्री बालाजी को पुझल सेंट्रल जेल से वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधान सत्र न्यायाधीश एस.अल्ली के समक्ष पेश किया गया। उनकी न्यायिक हिरासत को बढ़ाते हुए, न्यायाधीश ने पूर्व मंत्री की उस अर्जी को स्वीकार कर लिया, जिसमें उन्होंने इस मामले से खुद को मुक्त करने की याचिका पर दोबारा जिरह शुरू करने की गुहार लगाई है। इस मामले में उनकी ओर से दलील देने की अवधि 22 मार्च को समाप्त हो गई थी। श्री सेंथिलबालाजी को प्रवर्तन निदेशालय ने गत वर्ष जून में हवाला कारोबार के मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने ने निचली अदालत, मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया है। उन्होंने चिकित्सा आधार पर जमानत की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का रुख भी किया, लेकिन उन्हें निचली अदालत से राहत लेने का निर्देश देते हुए अपनी याचिका वापस लेने के लिए कहा गया था।

## बेंगलुरु में 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर तीन लोगों पर किया गया हमला, चार गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में राम नवमी के अवसर पर 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर तीन लोगों पर कथित तौर पर हमला किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यहां चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी और उसके सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। उसने बताया कि सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं। इस बीच बेंगलुरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने बुधवार रात पीड़ितों से उनके आवास पर मुलाकात की और मारपीट की घटना की निंदा की। पुलिस के मुताबिक यह घटना तब हुई जब संजीवनी नगर के पवन कुमार, राहुल और बिनायक एक 'सेकेंड हैंड' दोपहिया वाहन देखने के लिए अपनी कार से एमएस पाल्या की ओर जा रहे थे। उनके पास भगवा झंडा था और वे 'जय श्री राम' का नारा लगा रहे थे। रास्ते में बाइक पर सवार फरमान और समीर ने उन्हें रोका तथा फरमान ने उनसे सवाल करना शुरू कर दिया कि वे 'जय श्री राम' के नारे क्यों लगा रहे हैं और उन्हें केवल 'अल्लाहु अकबर' कहना चाहिए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि फरमान ने उनसे झंडा छीनने की कोशिश की, जिसके बाद पीड़ितों ने उनका पीछा किया लेकिन वे वहां से भाग गए। आरोपी समीर और फरमान दो नाबालिगों के साथ वापस आए और उन सभी ने पवन कुमार, राहुल और बिनायक के साथ मारपीट की। अधिकारी ने कहा, 'हमारी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वह पीड़ितों को थाने लेकर आयी एवं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।' उन्होंने बताया कि राहुल के सिर पर डंडे से हमला किया गया और बिनायक की नाक की हड्डी में चोट आई है। पुलिस के मुताबिक पवन की शिकायत के आधार पर विद्यारण्यपुरा पुलिस ने भातीय दंड सहिंता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## सलमान के घर फायरिंग मामले में अनमोल बिश्नोई के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करेगी पुलिस

मुंबई। फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुंबई के बांद्रा स्थित आवास के बाहर हुई फायरिंग मामले में महाराष्ट्र पुलिस कुख्यात गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करेगी। पुलिस ने अनमोल बिश्नोई के विरुद्ध पर्याप्त सबूत मिलने के बाद उसको सह आरोपित बनाया है। अनमोल विदेश में है और उसने आरोपितों से इंटरनेट कालिंग से बात की थी। महाराष्ट्र पुलिस के सूत्रों ने बताया कि मामले के सह आरोपित अनमोल के कहने पर ही इस मामले के आरोपितों को घटना के एक दिन पहले 13 अप्रैल की रात को आग्नेयास्त्रों की आपूर्ति की गई थी। इसके बाद 14 अप्रैल को दोनों ने सलमान के आवास के सामने हवाई फायरिंग की थी। जांच में पता चला है कि आरोपित सागर पाल और विक्की गुप्ता अनमोल बिश्नोई से फायरिंग के वक्त भी इंटरनेट कालिंग से बात कर रहे थे। घटना के बाद दोनों आरोपितों ने हथियार फेंक दिया था। पुलिस टीम ने हथियार तो बरामद कर लिया है, हथियार सप्लायर की तलाश कर रही है। अपराध शाखा के एक अधिकारी ने कहा कि हमले की जिम्मेदारी लेने वाला अनमोल फिलहाल विदेश में है और मामले का सह आरोपित है। पुलिस उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करेगी। इसी बीच मुंबई क्राइम ब्रांच ने कुख्यात गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई की कथित साजिश के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के लिए चार टीमें गठित कर उनको नई दिल्ली, बिहार, गुजरात और राजस्थान भेजा है। इस मामले में पुलिस की क्राइम ब्रांच आरोपित सागर पाल के भाई सोनू पाल से गहन पूछताछ कर रही है। इसके अलावा यह बात भी सामने आई है कि आरोपित सागर पाल अपने भाई सोनू पाल से इंटरनेट कॉलिंग के जरिए बातचीत कर रहा था। हालांकि पुलिस ने अभी तक सोनू पाल को गिरफ्तार नहीं किया है। सोनू पाल भी हरियाणा में काम करता था। बांद्रा में सलमान के घर पर फायरिंग मामले में हरियाणा से एक और संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। उससे भी पूछताछ जारी है।

## बिजनौर में पटाखा फैक्ट्री में लगी आग, तीन लोग गंभीर रूप से झुलसे

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के जोधुवाला-बक्शीवाला रोड पर स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार को आग लगने से तीन लोग गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। घायलों की पहचान सुभाष (45), दीपक (28) और नवेन्द्र (27) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, हादसे के बाद फैक्ट्री मालिक फरार हो गया और उसकी तलाश की जा रही है। इस बीच, दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शहर पुलिस उपाधीक्षक संग्राम सिंह ने बताया कि कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के जोधुवाला-बक्शीवाला रोड पर स्थित पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार को सुबह 10 बजे अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। आग की लपटों और बारूद में हुए धमाकों से पूरा इलाका दहल गया। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने कोतवाली शहर पुलिस को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली शहर पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग को बुझाने का अभियान शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने भी पानी और मिट्टी से आग बुझाने में मदद की। डीएसपी ने बताया कि हादसे के वक्त फैक्ट्री में करीब तीन लोग मौजूद थे और वे आग लगते ही बाहर की तरफ भागे, जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस हर एंगल से घटना की जांच कर रही है।

## फिर एक बार भूकंप से थर्राई कच्छ की धरती, कोई जानहानि नहीं

अहमदाबाद । गुजरात में समय-समय पर भूकंप के झटके महसूस किये जाते रहते हैं7 आज फिर एक बार भूकंप के झटके से कच्छ की धरती थर्रा उठी। दोपहर 1 बजकर 36 मिनट पर कच्छ के खावड़ा में 3.7 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक दोपहर में आए झटके से स्थानीय लोगों में डर का माहौल है.

# राहुल गांधी पर राजनाथ सिंह का कटाक्ष, बोले- अमेठी से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है...



**पटना (एजेंसी)।** पत्तनमथिट्टा (केरल), 18 अप्रैल (वेब वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और कहा कि वह 2019 में अमेठी लोकसभा सीट से हार गए थे इसलिए उनमें इस बार वहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। सिंह ने कहा कि गांधी अपनी हार के बाद उत्तर प्रदेश से केरल पलायन कर गए हैं।

उन्होंने भाजपा उम्मीदवार अनिल के एंटनी के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए कहा, ''मैंने सुना है कि वायनाड के लोगों ने उन्हें (राहुल गांधी) अपना सांसद नहीं बनाने का फैसला किया है।'' सिंह ने कहा कि देश में विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रम और परियोजनाएं लॉन्च की जा रही हैं ''लेकिन कांग्रेस के युवा नेता पिछले 20 वर्ष में 'लॉन्च' नहीं हो पाए।''

उन्होंने वायनाड से कांग्रेस सांसद पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''कांग्रेस पार्टी का 'राहुलयान' न तो 'लॉन्च' हो पाया और न ही कहीं 'लैंड' कर पाया। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ए के एंटनी की सराहना की और उन्हें अनुशासित तथा सिद्धांतवादी व्यक्ति करार दिया जिसकी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। सिंह ने कहा कि वह एंटनी के इस बयान पर हैरान रह गए कि अनिल एंटनी चुनाव हार जाएं।

सिंह ने कहा,'' मैं जानता हूं कि वह (ए के एंटनी) सिद्धांतवादी व्यक्ति हैं और मैं उनकी मजबूरियां समझता हूं। उनके लिए अनिल एंटनी का समर्थन करना मुश्किल है। हालांकि मैं उनसे कहना चाहूंगा कि अनिल आपका बेटा है।'' उन्होंने कहा,'' आप (ए के एंटनी) उन्हें (अनिल) वोट न दें या उनके लिए वोट नहीं मांगे लेकिन आप उनके पिता हैं और इस नाते मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आपका आशीर्वाद उनके साथ हो।'' केरल में लोकसभा चुनाव 26 अप्रैल को होंगे और नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे।

## अशांति के लिए ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराते हुए भाजपा ने चुनाव आयोग से की शिकायत

कोलकाता। लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान से पहले भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हिंसा फैलाने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। भाजपा ने जलपाईगुड़ी की एक सभा में ममता द्वारा बोले गए तीन वाक्यों पर आपत्ति जताई है। आयोग को पत्र लिखकर उन वाक्यों के मद्देनजर तृणमूल सुप्रीमो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। भाजपा का आरोप है कि जलपाईगुड़ी सभा में ममता ने वोटरों को हिंसा के लिए उकसाया जो मानक आचार संहिता के विपरीत है। हाल ही में ममता ने जलपाईगुड़ी जिले के मैनागुड़ी में एक जनसभा की थी। उन्होंने कहा था कि वहां कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी कार को निशाना बनाया और 'चोर-चोर' के नारे लगाए। भाजपा की ओर से आयोग को दिए गए पत्र के मुताबिक, इसके बाद ममता ने भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर कहा, 'इतनी हिम्मत, मेरी गाड़ी देखकर कह रहे हैं, चोर-चोर! अगर मुझे मौका मिलता तो मैं जीभ खींच लेती। मैंने वोटिंग के कारण कुछ नहीं कहा। भाजपा ने आयोग को लिखे पत्र में कहा, 'ममता ने स्पष्ट रूप से अपने मन की बात व्यक्त की। उनका कहना है कि वह खुद को रोक रही हैं। उन्होंने जो नहीं कहा वह भी बहुत स्पष्ट है। चुनाव के बाद वह फिर से हिंसा शुरू कर देंगी। मुख्यमंत्री की ऐसी टिप्पणियां घृणास्पद और हिंसक हैं। आचार संहिता के मुताबिक चुनाव से पहले ऐसी कोई बात नहीं कही जा सकती।' जलपाईगुड़ी की सभा से ममता ने नरेन्द्र मोदी और अमित शाह पर निशाना साधा था। कुछ दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री बालुरघाट की सभा में आये थे और दंगाइयों को 'उल्टा लटकाने' की बात कही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कूचबिहार की सभा में कहा कि चुनाव के बाद चुन-चुन कर भ्रष्टाचारियों को जेल भेजेंगे। इसके बाद ममता ने मोदी और अमित शाह के लिए भी ऐसे ही शब्दों का इस्तेमाल किया था जिसे लेकर चुनाव आयोग से शिकायत की गई है।

# जिस तारीख को लेकर मेरे ऊपर आरोप लगे हैं उस दिन मैं देश से बाहर था: बृजभूषण

**-कुछ बिंदुओं पर जांच कराने की मांग की**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने आज राउज एवेन्यू अदालत में आज एक अर्जी दाखिल करते हुए कहा कि जिस दिन उनके ऊपर महिला पहलवानों से छेड़छाड़ के आरोप लगे हैं उस दिन वह देश से बाहर थे। कोर्ट में आज बृजभूषण के खिलाफ महिला पहलवानों के मामले में आरोप तय करने पर फैसला होना था पर बृजभूषण ने कुछ बिंदुओं पर जांच कराए जाने की मांग को लेकर अर्जी दाखिल कर कुछ बिंदुओं पर बहस करने की मांग की। इस मामले में अब 26 अप्रैल को फैसला आएगा उसी के बाद आरोप तय होंगे।

आज अदालत में बृजभूषण ने अपनी अर्जी में कहा कि जिस तारीख पर एक महिला पहलवान द्वारा कुश्ती महासंघ के दिल्ली कार्यालय में उनपर कथित छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है, उस तारीख पर वह देश से बाहर थे। बृजभूषण ने इस मामले में सबूत के तौर पर अर्जी के साथ पासपोर्ट की कॉपी भी दी है, जिस पर उस तारीख पर इमीग्रेशन की मोहर लगी हुई है। इसी को लेकर उन्होंने दावा किया है कि वह उस



समय दिल्ली में नहीं थे।

इसके बाद अदालत ने कहा कि एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम से वापस आने के बाद कुश्ती महासंघ के दिल्ली कार्यालय में उसका यौन उत्पीड़न किया गया था पर मगर अभियोजन पक्ष ने उस तारीख पर सीडीआर की कॉपी जमा नहीं की है। इस पर दिल्ली पुलिस ने कहा चार्जशीट पर संज्ञान के बाद बहस के दौरान यह मामला अदलत के सामने बृजभूषण ने नहीं उठाया था पर अब इस मालूमें में देरी के लिए लिए इस मुद्दे को उठाया जा रहा है।


दिल्ली पुलिस ने कहा कि यह केवल एक तारीख के आरोप को लेर सवाल उठा रहे हैं पर दूसरे आरोपों पर सवाल नहीं उठा रहे। वहीं बृजभूषण के वकील ने कहा कि ओवर साइट कमेटी में दिल्ली की घटना को नहीं बताया गया है। साथ ही कहा कि जिस तरीख यानी 7 सितंबर 22 की घटना का आरोप लगाया जा रहा है, उस तारीख पर बृजभूषण दिल्ली में नहीं थे, अगर दिल्ली पुलिस के पास सीडीआआर है तो वह उसकी रिपोर्ट कोर्ट में जमा करे।

अदालत में बृजभूषण के वकील ने कहा, हमने पासपोर्ट की कॉपी भी लगाई है, जिसमें इमिग्रेशन की मोहर लगी हुई है, अगर दिल्ली पुलिस को इस बिंदु पर जवाब दाखिल करना है तो एक हफ्ते का समय ले ले। हमने यह अर्जी मामले में देरी के लिए नहीं जगायी है। वहीं दूसरी ओर महिला पहलवानों के वकील ने कहा कि यह याचिका मामले में देरी के लिए दाखिल की गई है। इसलिए अदालत को इस अर्ज़ी पर सुनवाई नहीं करनी चहिए। वहीं इसके बाद. सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने कहा कि वह पहले बृजभूषण द्वारा दाखिल अर्जी का निपटारा करेगा, उसके बाद बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला सुनाएगा। अदालत ने अभी बृजभूषण की अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया है और अब 26 अप्रैल को इस पर फैसला आएगा।

## मनमोहन सिंह और नरसिम्हा राव की मोदी सरकार ने खुलकर तारीफ की

**नागपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की छवि बेदाग है और वे बेहतर काम करने वालों में शुमार हैं। वे विवादित बयान और अनावश्यक पचड़ों से दूर रहते हैं। केवल काम करते हैं और जनहित पर ध्यान देते हैं। जब जनता के बीच वोट मांगने जाते हैं तो आत्मविश्वास से भरे होते हैं। सीधे तौर पर कहते हैं कि यदि मैंने काम नहीं किया है या किसी के साथ कोई भेदभाव किया है तो मुझे बिलकुल भी वोट मत देना। उनका यही विश्वास उनके विरोधियों के लिए चुनौती खड़ी कर देता है। इस बार भी गडकरी कह रहे हैं कि मुझे जो भी पहचान मिली है, वह नागपुर के लोगों की है। पिछले दस वर्षों में यदि मैंने किसी के साथ कोई भेदभाव किया है या दलितों और मुसलमानों के साथ अन्याय किया है तो मुझे वोट देने की कोई जरूरत नहीं है। यदि मैंने निष्ठा से काम किया है तो कृपया मुझे वोट दें। उन्होंने कहा कि पूरे देश के लिए यह बेहद खुशी की बात है कि भगवान राम की जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण हो गया है। आज हम देशभर में रामनवमी मना रहे हैं। भगवान राम हमारे संस्कृति के प्रतीक है। आज भगवान राम के आशीर्वाद से हमने राम राज्य की स्थापना का संकल्प लिया है।

बता दें कि महाराष्ट्र के 48 संसदीय क्षेत्रों में से एक नागपुर में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इस सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी और वर्तमान में नागपुर पश्चिम से विधायक विकास ठाकरे के बीच मुकाबला होगा। गडकरी ने कहा कि यह पूरे देश के लिए बेहद खुशी की बात है



कि भगवान राम की जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण हुआ है। आज हम पूरे देश में राम नवमी मना रहे हैं। भगवान राम हमारे इतिहास और संस्कृति के प्रतीक हैं, आज भगवान राम के आशीर्वाद से हमने राम राज्य स्थापित करने का संकल्प लिया है। मैं नागपुर के लोगों को अपना परिवार मानता हूं और उन्हें भी ऐसा ही लगता है। मुझे यहां के लोगों से बहुत प्यार मिला है। मंगलवार को नितिन गडकरी ने नागपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए वचन नामा जारी किया। उन्होंने कहा, हमारी योजना नागपुर में जैविक फल, सब्जियां और खाद्यान्न बाजार खोलने की है। गडकरी ने कहा कि मैं अपनी जीत को लेकर 101 प्रतिशत आश्वस्त हूं। इस बार मैं बहुत अच्छे अंतर से चुनाव जीतूंगा। जनता के समर्थन, उनके उत्साह, पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत को देखते हुए, मैं 5 लाख से अधिक अंतर से जीतने की पूरी कोशिश करूंगा।

## तेजस्वी की सभा में चिराग पासवान को गाली दिए जाने की घटना को बिहार भाजपा अध्यक्ष ने बताया पीड़ादायक

पटना। बिहार के जमुई लोकसभा क्षेत्र में राजद नेता तेजस्वी यादव की सभा में राजद कार्यकर्ताओं द्वारा लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान के परिजनों को गाली देने की घटना को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने पीड़ादायक बताते हुए भरोसा दिया है कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। पटना में गुरुवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि देश के दलितों के मसीहा स्वर्गीय रामविलास पासवान की पत्नी और चिराग पासवान की माताजी को जिस तरह गाली-गलौच राजद द्वारा किया जा रहा है, वह अशोभनीय और पीड़ादायक है। ऐसे लोगों पर जरूर करवाई होगी। उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि ऐसे लोगों पर चुन-चुनकर कर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे गाली देने वाले लोग नहीं बचेंगे। उल्लेखनीय है कि बुधवार को जमुई में राजद के नेता तेजस्वी यादव की चुनावी सभा में राजद कार्यकर्ताओं द्वारा लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान और उनके परिवारों को गाली दिए जाने का एक वीडियो वायरल हुआ।

## सीएम योगी ने किया श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ



**गोरखपुर (एजेंसी)।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र महायज्ञ का विधि विधान से शुभारंभ किया। प्रभु हनुमान की नव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 21 अप्रैल को होगी जबकि रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति 22 अप्रैल को होगी। इस दौरान आज से पूर्णाहुति तक विविध प्रकार के पूजन, अधिवास व अनुष्ठान के कार्यक्रम चलते रहेंगे। 18 अप्रैल, गुरुवार से 22 अप्रैल तक होने वाले रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य दरवाजे पर पूजन करते हुए मंडप में प्रवेश किया। इसके बाद वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच वेदी का पूजन हुआ। हनुमत प्राण प्रतिष्ठा 22 अप्रैल को देवालय में की जाएगी। यज्ञ गुरुवार शाम से ही शुरू हो जाएगा। इसके पहले गाजे बाजे के साथ गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ की अगुवाई में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पूजन के बीच भीम सरोवर से यज्ञ कलश में जल भरा। भीम सरोवर की परिक्रमा करने के बाद कलश यात्रा यज्ञशाला पहुंची जहां विभिन्न स्थलों पर यज्ञ कलश को विराजमान करवाया गया। यहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कमान संभालते हुए मुख्य दरवाजे पर पूजा अर्चना के बाद यज्ञशाला के मंडप में प्रवेश किया। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में आज पंचांग पूजन किया गया।

## लोकसभा चुनाव: अखिलेश को घर में घुसकर घेर रही भाजपा

**लखनऊ (एजेंसी)।** भाजपा ने दावा किया है कि उसे 370 और एनडीए को 400 सीटें मिलेंगी। इसके लिए पार्टी ऐडीचोटी का जोर लगा रही है। भाजपा अपनी रणनीति के तहत कई दिग्गजों को उन्ही के घर में घेरने की कोशिश कर रही है। पूर्व के चुनावों में भाजपा की कोशिश गैर यादव मतदाताओं को लामबंद करने की रही। इस बार, वह यादव मतदाताओं में भी सेंध को ताकत लगा रही है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को चुनाव प्रचार में उतारकर वह इसका संकेत दे चुकी है। साथ ही, यादव समाज के नेताओं को पाले में लाने की कसरत हो रही है। मैनपुरी सीट पर तो बसपा ने भी यादव चेहरा उतार सेंधमारी का इरादा साफ कर दिया है। विरोधियों की इस रणनीति से सपा भी बेखबर नहीं। वह अपने वोट बैंक को सहेजने में जुट गई है।



मैनपुरी लोकसभा सीट पर बीते 28 सालों से समाजवादी पार्टी का कब्जा है। आठ बार मुलायम व परिवार के सदस्य ही सांसद बने। मुलायम सिंह के निधन के बाद 2022 में हुए उपचुनाव में डिंपल यादव ने बड़ी जीत हासिल की थी। इस वर्चस्व की बड़ी वजह यादव मतदाताओं की बहुलता को माना जाता है। वर्तमान में 17.87 लाख मतदाताओं वाले इस लोकसभा क्षेत्र में यादव मतदाताओं की संख्या चार लाख बताई जाती है। दूसरे नंबर पर शाक्य मतदाता हैं जो ढाई लाख के आसपास हैं। समाजवादी पार्टी को यादव के साथ अन्य जातियों का वोट भी मिलता रहा है। पूर्व के चुनावों में सपा के विपक्षी दलों ने अन्य जातियों को गोलबंद करने की रणनीति पर काम किया। यादव मतदाताओं में सेंधमारी पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। इस बार भाजपा ने इस कोशिश को ही सबसे आगे रखा है। भाजपा प्रत्याशी स्थानीय विधायक पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के नामांकन में मध्यप्रदेश के मोहन यादव को इसी रणनीति के तहत बुलाया गया था। अब मतदान से पहले तक मोहन यादव के कई दौरे कराने की रूपरेखा बन रही है। साथ ही, सपा से असंतुष्ट यादव नेता व प्रधानों से संपर्क साधा जा रहा है।नामांकन से एक दिन पहले ही भाजपा ने मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक गुरु रहे चौ. नत्थू सिंह के पौत्र धीरज यादव को पार्टी में शामिल कर सुर्खियां बटोरी थीं। अब, करहल और जसवंत नगर से यादव समाज के चेहरों को पार्टी में शामिल कराने की कोशिश हो रही है।एटा लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा इस दांव को आजमा रही है। क्षेत्र में यादव मतदाताओं की संख्या 2.75 लाख है। इस बार बड़ी पार्टियों से कोई भी यादव प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं हैं। भाजपा से कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। पिछले चुनावों में यादव सजातियों का समर्थन करते रहे हैं। सपा इस बार टिकट वितरण में इस सीट पर यादव मोह से बाहर निकल आई और देवेश शाक्य को टिकट दिया है। ऐसे में भाजपा अपनी चुनौती को ज्यादा कठिन मान रही है। पिछले चुनाव की अपेक्षा इस बार यादव समीकरणों में बदलाव लाने के लिए भाजपा ने सपा के कई यादव नेताओं को पार्टी में शामिल किया है। दो बार सपा से सांसद रहे कद्दावर नेता कुंवर देवेंद्र सिंह यादव भी भाजपा में आए हैं। इसके अलावा बसपा छोड़कर पूर्व विधायक अजय यादव ने भी भाजपा का दामन थामा है। कुछ ब्लाक प्रमुख एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख भी पार्टी में पहुंचे हैं। भाजपा ने यादव कुनबे में सेंध लगाकर यादव मतदाताओं को सोचने के लिए विवश कर दिया है कि भाजपा यादवों के लिए अछूत नहीं है।

# 20 साल से लंबित इन दो मामलों की सुनवाई करेगी 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में अभी दो इस तरह के मामले लंबित हैं, जिनकी सुनवाई अब 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ करेगी। ये दोनों मामले 20 साल से भी ज्यादा समय से अदालत में विचाराधीन हैं। सुप्रीम कोर्ट के 70 साल के इतिहास में नौ-न्यायधीशों की पीठकी ओर से दिए गए फैसलों की संख्या बहुत कम है। अदालत ने अब तक केवल 18 नौ न्यायाधीशों की पीठ के फैसले सुनाए हैं। इसमें ज्यादातर मामले मौलिक अधिकारों के दावों के इर्द-गिर्द घूमते हैं। 7 अक्टूबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में नौ जजों की संविधान पीठ के सामने चार मामलों की लिस्ट रखी गई थी। अब अदालत को इसमें दो मामलों की सुनवाई करनी है।

यह मामला मुंबई में निजी जमीन मालिकों के बारे में है। वे महाराष्ट्र सरकार की ओर से जर्जर इमारतों को अपने अधिकार में लेकर उनकी मरम्मत करवाने का विरोध कर रहे हैं। मामले में सुप्रीम कोर्ट के सामने मुख्य सवाल यह है कि क्या निजी संपत्ति को सामुदायिक संसाधन माना जा सकता है? क्या सामुदायिक संसाधन के अंतर्गत निजी संपत्ति (जैसे किसी व्यक्ति की फैक्ट्री या जमीन) को भी शामिल किया जा सकता है?

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39(बी) कहता है कि राज्य की जिम्मेदारी है, कि वह ऐसी नीतियां बनाए जिससे यह सुनिश्चित हो कि सामुदायिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण इस तरह हो कि सबका भला हो सके। अनुच्छेद 39(ब) राज्य को यह सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने का सुझाव देता है कि देश के संसाधन सभी लोगों के फायदे के लिए वितरित किए जाएं। लेकिन, यह स्पष्ट नहीं है कि क्या इसमें निजी संपत्ति भी शामिल है या नहीं।

मुंबई में बहुत सी पुरानी और जर्जर इमारतें हैं, जिसमें मरम्मत न होने के कारण रहना खतरनाक होता जा रहा है। फिर भी इन इमारतों में लोग किराएदार के रूप में रहते हैं। इन इमारतों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए महाराष्ट्र आवास और क्षेत्र विकास अधिनियम 1976 (एमएचएडीए) के तहत इनमें रहने वालों पर सेस लगाया जाता है। यह पैसा मुंबई भवन मरम्मत और पुनर्निर्माण बोर्ड (एमबीआरआरबी ) को दिया जाता है, जो इन सेस वाली इमारतों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के काम को देखता है।

बैंगलोर वॉटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड बनाम ए राजप्पा (1978) केस में भारत में मजदूरों के पक्ष में एक बहुत महत्वपूर्ण फैसला सुनाया गया। सात न्यायाधीशों की बेंच ने औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के तहत उद्योग शब्द की बहुत व्यापक परिभाषा दी। इस परिभाषा के दायरे में कई संस्थाएं और उनके कर्मचारी आ गए जिससे उन्हें कानूनी संरक्षण मिलने लगा। बोर्ड की ओर से हटाए गए कुछ कर्मचारियों ने औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत अपने बकाये का भुगतान पाने के लिए मुकदमा दायर किया था।

लेकिन, बाद के कुछ सालों में इस लेकर अदालतों में असमंजस की स्थिति बन गई। 1996 में सुप्रीम कोर्ट की तीन न्यायाधीशों की बेंच ने बैंगलोर वॉटर सप्लाई वाले मामले के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला कि सामाजिक वानिकी विभाग को भी उद्योग की परिभाषा के तहत माना जाएगा। लेकिन 2001 में दो न्यायाधीशों की बेंच ने एक अलग नजरिया अपनाया। उनका तर्क था कि वन विभाग राज्य के संप्रभुता से जुड़ा कार्य है और याचिकाकर्ता ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह उद्योग की कैटेगरी में क्यों आएगा।



इस तरह दोनों फैसलों में काफी अंतर था जिससे मजदूरों के बीच चिंता पैदा हो गई। इसके बाद उद्योग की परिभाषा पर स्पष्टता लाने के लिए मई 2005 में न्यायमूर्ति धर्माधिकारी की अध्यक्षता में पांच न्यायाधीशों की बेंच ने मामले को नौ न्यायाधीशों की बेंच के पास भेज दिया! तब से ये मामले अदालत में लंबित है।

## पूर्व-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण चहुं ओर 400 पार का मूड : अमित शाह



अहमदाबाद (ईएमएस)। नामांकन दाखिल करने से एक दिन पहले केन्द्रीय गृह मंत्री एवं गांधीनगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अमित शाह अपने निर्वाचन क्षेत्र में रोड शो कियो अमित शाह को रोड शो में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि पूर्व-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण चहुं ओर लोगों का 400 पार का मूड़ है रोड शो के दौरान अमित शाह के स्वागत के लिए अनेक जगह मंच बनाए गए थे रोड शो में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं ढोल-नक्कारों की ताल झूमते अमित शाह के समर्थक जय श्रीराम का जयकारा और 400 पार का नारा लगाते हुए नजर आऐ केसरी साफा और भाजपा के समर्थन में जगह जगह लगे होर्डिंग्स और पोस्टरों के चलते पूरा माहौल भगवामय बन गयो इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि देश की जनता ने 400 पार का मन बना लिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि गुजरात की सभी 26 सीटों पर भाजपा पिछले चुनाव के मुकाबले अधिक लीड से जीत दर्ज करेगी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आ''ान कियो क्षत्रिय-रूपाला विवाद पर पहली बार अमित शाह ने अपनी चुप्पी तोड़ी अमित शाह ने कहा कि राजकोट सीट से भाजपा उम्मीदवार पुरुषोत्तम रूपाला ने क्षत्रिय समाज से हृदय से माफी मांग ली है बता दें कि गांधीनगर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अमित शाह कल 19 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेगी नामांकन से एक दिन पहले आज अपन निर्वाचन क्षेत्र में विशाल रोड शो आयोजित कर एक तरह से विपक्ष को चुनौती दे दी है। गुजरात में लोकसभा की सभी 26 सीटों पर 7 मई को वोटिंग होनी है और उससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का गुजरात में दौरा शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी आगामी दिनों गुजरात आनेवाले हैं और राज्य में उनकी कई रैलियों का आयोजन किया गया है। देखना होगा कि गुजरात में भाजपा सभी 26 सीटों पर जीत की हैट्रिक लगा पाती है या उसे नुकसान होगा।

## गूगल ने फिर की कर्मचारियों की छंटनी

### - कुछ कर्मचारी भारत समेत अन्य देशों में भेजे जाएंगे





**वाशिंगटन ।** अल्फाबेट के स्वामित्व वाली गूगल फिर अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर का रास्ता दिखा रही है। गूगल ने बड़े स्तर पर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने बताया कि लागत में कमी लाने के लिए कर्मचारियों की संख्या में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि छंटनी पूरी कंपनी में नहीं की जा रही है। इसलिए इससे प्रभावित कर्मचारी अन्य किसी भूमिका के लिए आवेदन कर सकेंगे। हालांकि, प्रवक्ता ने छंटनी से प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की संख्या और इसमें शामिल टीमों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। छंटनी से प्रभावित कुछ लोगों को कंपनी भारत, शिकागो, अटलांटा और डबलिन समेत उन जगहों पर भेजेगी, जहां वह निवेश कर रही है। गौरतलब है, इस साल टेक और मीडिया जगत में कई नौकरियों में कटौती के बाद गूगल में भी यह छंटनी हो रही है, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि छंटनी जारी रह सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार गूगल के रियल एस्टेट और वित्त विभागों की कई टीमों के कर्मचारी इस छंटनी से प्रभावित हुए हैं। प्रभावित वित्त टीमों में गूगल ट्रेजरी, बिजनेस सर्विसेज और रेवेन्यू कैश ऑपरेशन्स शामिल हैं। इतना ही नहीं, गूगल के वित्त प्रमुख रूथ पोराट ने अपने कर्मचारियों को एक ईमेल भेजा है। इसमें कहा गया है कि पुनर्गठन में बंगलुरू, मैक्सिको सिटी और डबलिन में विकास का विस्तार शामिल है। इससे पहले गूगल ने जनवरी में भी अपनी इंजीनियरिंग, हार्डवेयर और सहायक टीमों समेत कई टीमों के सैकड़ों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था, क्योंकि कंपनी ने निवेश बढ़ाते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पेशकश की थी। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कथित तौर पर इस साल की शुरुआत में कर्मचारियों से नौकरियों में कटौती किए जाने को लेकर पहले ही बता दिया था।

## यमुना प्राधिकरण की टीम जापान के टोक्यो शहर पहुंची

### - मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए जुटाएगी निवेश

**नई दिल्ली ।** उत्तर प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क बना रही है। जिसके लिए देश-विदेश की बड़ी-बड़ी कंपनियां निवेश करने में अपनी रुचि दिखा रही है। इस दौरान यमुना प्राधिकरण की एक टीम जापान के टोक्यो शहर में पहुंची है। जहां पर मेडटेक शो नाम का एक आयोजन किया जा रहा है, इसमें यमुना प्राधिकरण ने अपना भी स्टॉल लगाया है। जहां पर कई विदेशी कंपनियां मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश करने की इच्छा जाहिर कर चुकी हैं। यमुना प्राधिकरण की यह टीम 20 अप्रैल तक टोक्यो में रहेगी। उत्तर प्रदेश सरकार यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर-28 में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित कर रही है। डिवाइस पार्क में निवेश प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के डेलिगेशन जापान के टोक्यो शहर में आयोजित मेडटेक शो में हिस्सा लेने पहुंचा है। उत्तर प्रदेश सरकार के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव एवं अध्यक्ष, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण अनिल कुमार सागर के नेतृत्व में डॉक्टर अरुण वीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण तथा सलाहकार संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा जापान में 17 अप्रैल से 20 अप्रैल 2024 तक आयोजित इस मेडटेक में प्रतिभाग किया जा रहा है। इस आयोजन के पहले दिन ही 17 अप्रैल को मेडिकल डिवाइस पार्क के स्टॉल पर जापान की प्रतिष्ठित एवं विश्व प्रसिद्ध कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विजिट किया और मेडिकल डिवाइस पार्क के संबंध में जानकारी ली। वरिष्ठ अधिकारियों ने इस मेडिकल डिवाइस पार्क की विशेषताओं एवं उत्तर प्रदेश सरकार या भारत सरकार द्वारा दिए जा रहे हैं इंसेंटिव आदि के संबंध में विजिटर्स को बताया गया। प्राधिकरण के स्टॉल पर जापान की निम्न महत्वपूर्ण कंपनियों व संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारी पहुंचे। जिनमें पोश वेलनेस लेबोरेटरी आईएनसी, शिमाने यूनिवर्सिटी फैकल्टी ऑफ मेडिसिन, डिपार्टमेंट ऑफ इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन, सौसकु मेडिकल, जापान फेडरेशन ऑफ मेडिकल डिवाइस एसोसिएशन, सिलिकॉन वैली वेंचर, बी डॉट मेडिकल आईएनसी, इंटरनेशनल मेडिकल केयर एक्सचेंज एसोसिएशन और टोयोटा फॉर्म आदि कंपनियों ने निवेश की इच्छा जताई है।

## ईपीएफओ ने पैसे निकालने के नियमों में किया बदलाव

**नई दल्ली ।**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने करोड़ों पीएफ विड्रॉल के नियमों में नया बदलाव किया है। इससे इलाज के लिए पीएफ से पैसे निकालना आसान हो गया है। ईपीएफओ का यह बदलाव पैराग्राफ 68जे के तहत ऑटो क्लेम प्रोसेसिंग (ऑटो विड्रॉल) की लिमिट को लेकर है। ईपीएफओ ने इस संबंध में 16 अप्रैल को एक सर्कुलर जारी कर बताया कि पहले जहां पैराग्राफ 68जे के तहत पीएफ से पैसे निकालने की लिमिट 50 हजार रुपए थी, उसे अब बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दिया गया है। यानी अब अगर कोई ईपीएफओ सब्सक्राइबर अपने पीएफ अकाउंट से मेडिकल जरूरतों के लिए 1 लाख रुपए तक की निकासी के लिए आवेदन देता है तो उसकी प्रोसेसिंग ऑटो मोड में हो जाएगी। पहले ऑटो प्रोसेसिंग की सुविधा सिर्फ 50 हजार रुपए तक के क्लेम के लिए थी यानी अब ईपीएफओ के सब्सक्राइबर मेडिकल जरूरतों के लिए आसानी से ज्यादा पैसों की निकासी कर सकते हैं। ईपीएफओ प्राइवेट सेक्टर के करोड़ों कर्मचारियों के लिए सोशल सिक्योरिटी फंड को मैनेज करता है, जिनमें ईपीएफ और ईपीएस आदि शामिल हैं। पीएफ में कंट्रीब्यूट करने वाले सभी सब्सक्राइबर को कुछ जरूरत पड़ने पर पैसे निकालने की सुविधा मिलती है, जैसे कोई कर्मचारी अगर अचानक से बेरोजगार हो जाता है यानी उसकी नौकरी चली जाती है, ऐसे में फॉर्म-19 के तहत आवेदन कर पीएफ से पैसे निकाले जा सकते हैं। कर्मचारियों को नौकरी जाने के अलावा मकान खरीदने, मकान बनाने, मकान की मरम्मत कराने, शादी-विवाह, बच्चों





की पढ़ाई आदि जैसी जरूरतों के लिए भी पीएफ से पैसे निकालने की सुविधा मिलती है। एक ऐसी ही जरूरत खुद के या डिपेंडेंट के इलाज भी है। इसके लिए पैराग्राफ 68जे के तहत पीएफ से एडवांस विड्रॉल किया जा सकता है। इसमें अगर सब्सक्राइबर या डिपेंडेंट एक महीने से ज्यादा अस्पताल में भर्ती रहते हों या टीबी, लेप्रोसी, पैरालिसिस, कैंसर, मेंटल इलनेस, हर्ट की कोई बीमारी आदि से पीड़ित हों तो 68जे के तहत क्लेम किया जा सकता है।

## पेमेंट एग्रीगेटर के लिए नियमों का मसौदा जारी

### *अपने प्लेटफॉर्म पर पूरा कर सकेंगे कारोबारियों के लिए केवायसी*

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेमेंट एग्रीगेटर (पीए) के लिए विनियमन प्रारूप तय किया है। इसके अंतर्गत पीए जोखिम के प्रबंधन के लिए अपने प्लेटफॉर्म पर कारोबारियों के लिए जानें अपने ग्राहक (केवायसी) को पूरा कर सकेंगे। मंगलवार को जारी दिशानिर्देश में छोटे व मध्यम कारोबारियों के लिए केवायसी प्रक्रिया का खाका तैयार किया गया है। इसमें कहा गया है कि पीए को संपर्क बिंदु सत्यापन (सीपीवी) करने और उस बैंक खाते का विधिवत सत्यापन करने की आवश्यकता होगी जिसमें छोटे कारोबारियों के कोष का निपटान किया गया है। इस प्रारूप के मानदंडों के अनुसार फिजिकल मर्चेंट के तहत पांच लाख रुपये सालाना से कम फेस टू फेस लेन देन करने वाले है और ये वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) के अंतर्गत छोटे कारोबारी के रूप में पंजीकृत नहीं हैं। आरबीआई ने कहा है कि मध्यम व्यापारियों के लिए पीए सीपीवी का संचालन करेंगे। पीए मालिक, लाभकारी मालिक या वकील रखने वाले व्यक्ति का एक आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज़ (ओवीडी) भी प्राप्त और सत्यापित करेगा। उन्हें व्यवसाय के एक ओवीडी को सत्यापित करना आवश्यक होगा।


**Ekta Travels**

Diu to Ahmedabad-Mumbai-Baroda-Surat-Navsari-Daman-Vapi

2x1 Sleeper A/c Coach Air and Railway Booking

GSRTC Online Booking Jethibai Bus Station, Diu Contact here for Online Booking Also Booking All types of Four Wheeler & Hire Bike on Rent

Email: ektatravel5053gmail.com

Hitesh: Mo.: 9898618424, 94261 33112, Ph. (O) (02875)253474, 255500

**Bharat Express**

Diu To Daman - Silvassa

Baroda -Bharuch -Ankleshwar -Surat. Navsari -Chikhli -Valsad -KillaPardi Vapi -Bhilad -Mumbai -Ahmedabad

Office 02875 225990

Mo.9426989796 Mo.9104980990


## अडानी ने अंबुजा सीमेंट में और बढ़ाई हिस्सेदारी

**नई दिल्ली ।**

अदाणी ग्रुप के मालिकाना हक वाली सीमेंट और भवन निर्माण सेक्टर की प्रमुख कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने बताया कि कंपनी के प्रमोटर अदाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में 8,339 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजी का निवेश किया है। इस निवेश के साथ ही अदाणी परिवार ने कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 3.6 फीसदी से बढ़ाकर 70.3 फीसदी कर ली है। शेयर बाजार को दी सूचना में कंपनी ने बताया कि अदाणी परिवार ने इससे पहले 18 अक्टूबर, 2022 को कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च, 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था। ताजा निवेश के साथ उसने 20,000 करोड़ रुपये की वारंट योजना को सब्सक्राइब कर लिया है। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक इस निवेश से अंबुजा को अपनी मौजूदा क्षमता को 31 दिसंबर तक 76.1 मिलियन टन से 2028 तक लगभग दोगुना करके 140 मिलियन टन प्रति वर्ष करने के लिए अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं को तेज करने में मदद मिलेगी। बार्कलेज बैंक पीएलसी, एमयूएफजी बैंक, मिज़ुहो बैंक और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने लेनदेन के लिए सलाहकार के रूप में काम किया। शेयर बाजार को दी सूचना में कंपनी ने कहा कि ताजा निवेश क्षमता विस्तार में मदद करने के अलावा, पूंजीगत व्यय को कम करने, परिचालन प्रदर्शन को बढ़ाने के साथ-साथ संसाधनों और आपूर्ति श्रृंखला में दक्षता लाने सहित विभिन्न रणनीतिक पहलों को भी पूरा करने में मदद करेगा। यह इनोवेशन और उत्पाद वृद्धि को भी बढ़ावा देगा।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भी गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी ही बिकवाली हावी होने से आई है। मध्य पूर्व में इजराइल और ईरान के बीच तनाव से भी निवेशकों ने सतर्कता बरती है।

आज कारोबार के दौरान बैंकिंग शेयरों में गिरावट से भी बाजार पर दबाव पड़ा। आईटी शेयरों में भी कुछ में ही बढ़त रही। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई मानक सूचकांक सेंसेक्स 454.69 अंक करीब 0.62 फीसदी नीचे आकर 72,488.99 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज 72,365.67 और 73,473.05 के बीच में कारोबार हुआ।

दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 152.05 अंक तकरीबन 0.69 फीसदी नीचे





आकर दिन के अंत में 21,995.85 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 21,961.70 और 22,326.50 के बीच में कारोबार हुआ इससे पहले आज सुबह श्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से बाजार की तेजी के साथ शुरुआत हुई। बाजार में करीब बीते 3 कारोबारी दिनों में बिकवाली का माहौल था पर गुरुवार को बाजार में खरीदारी देखने को मिली। बाजार के प्रमुख इंडेक्स हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स करीब 300 अंक उछलकर 73,200 के पार पहुंच गया है। वहीं निफ्टी में भी 100 अंक ऊपर 22250 के पार कारोबार देखा गया है। बुधवार को रामनवमी के मौके पर बाजार बंद था। इससे पहले मंगलवार को ईरान-इजराइल युद्ध से बाजार गिरा था।

मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने की आशंकाओं के बीच आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के कारण इक्विटी बेंचमार्क सूचकांकों सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी गिरावट जारी रही। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 456 अंक कमजोर हुआ। वहीं निफ्टी में भी 124 अंक की गिरावट दर्ज की गई। व्यापक बाजारों में स्मॉलकैप की मांग थी। एनएसई पर स्मॉलकैप इंडेक्स 0.5 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि मिडकैप इंडेक्स कारोबार के उतार-चढ़ाव भरे दिन के बाद 0.1 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।


**CHANGE OF NAME**

I HAVE CHANGED MY NAME FROM RAKESH GAJANANDBHAI TALEKAR & RAKESH TALEKAR TO **RAKESH GAJANAND TALEKAR**

**ADD** :- 1/123, KHATRIWAD, NEAR OLD BHAWANI TEMPLE, NANI DAMAN-396210.

**CHANGE OF NAME**

I HAVE CHANGED MY NAME FROM USHA RAKESH TALEKAR & USHABEN RAKESH TALEKAR TO **USHABEN RAKESHBHAI TALEKAR**

**ADD** :- 1/123, KHATRIWAD, NEAR OLD BHAWANI TEMPLE, NANI DAMAN-396210.


## चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर 8-8.3 फीसदी रह सकती है: पीएचडी चैंबर

### - जीडीपी 6.7 प्रतिशत बढ़कर 2047 तक 34,700 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

**नई दिल्ली ।** उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 8.0 से 8.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उद्योग मंडल ने कहा कि देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर अगले 23 साल तक औसतन 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और 2047 तक इसके 34,700 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उस समय तक प्रति व्यक्ति आय 21,000 डॉलर होगी। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के एक अर्थशास्त्री ने कहा कि देश में वृद्धि के लिहाज से बुनियाद मजबूत है। इसके साथ हमारा चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 8.0 से 8.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि 2035 के बाद वृद्धि दर उच्चस्तर से धीरे-धीरे नीचे आएगी और औसतन यह अगले 23 साल 6.7 प्रतिशत रहेगी। उद्योग मंडल ने एक रिपोर्ट में देश को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सुझाव दिए। पीएचडी चैंबर ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए व्यापार करने की लागत को कम करने और फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों), सूचना प्रौद्योगिकी, वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बड़े स्तर पर क्षमता बढ़ाने की सिफारिश की है। साथ ही सेमीकंडक्टर उद्योग के विकास पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया है। इसके अलावा, स्टार्टअप परिवेश को निरंतर सहयोग देने का आह्वान किया है। निर्यात के लिए क्षमता बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। इसके तहत वैश्विक व्यापार में निर्यात मात्रा बढ़ाने के लिए संभावित 75 उत्पादों पर ध्यान देने की बात कही गई है। उद्योग मंडल ने कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए सुधार उपायों का भी सुझाव दिया है।

## भारती एयरटेल श्रीलंका परिचालन ने डायलॉग एक्सियाटा से किया समझौता

**नई दिल्ली ।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल शेयर अदला-बदली सौदे के जरिए अपने श्रीलंका परिचालन का डायलॉग एक्सियाटा के साथ विलय करेगी। संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2022-23 में एयरटेल श्रीलंका का कारोबार 294 करोड़ रुपये था। यह भारती एयरटेल के कुल कारोबार का 0.21 प्रतिशत था। बयान में कहा गयो कि डायलॉग एक्सियाटा पीएलसी, एक्सियाटा ग्रुप बरहाद (एक्सियाटा) और भारती एयरटेल लिमिटेड ने श्रीलंका में अपने परिचालन को संयोजित करने के लिए एक निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें कहा गया है कि समझौते के तहत श्रीलंका स्थित दूरसंचार कंपनी डायलॉग एयरटेल श्रीलंका में जारी किए गए शेयरों में से 100 प्रतिशत का अधिग्रहण करेगा। इसके बदले डायलॉग, भारती एयरटेल को साधारण वोटिंग शेयर जारी करेगा, जो शेयर अदला-बदली के माध्यम से डायलॉग के कुल जारी किए गए शेयर का 10.355 प्रतिशत होगा। डायलॉग की शुरुआत श्रीलंका में 17 अगस्त 1993 को की गई थी। एक्सियाटा ग्रुप बरहाद के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि डायलॉग और एयरटेल श्रीलंका के बीच विलय एक्सियाटा की बाजार समेकन तथा लचीलेपन की रणनीति के अधीन है। डायलॉग एक्सियाटा के 1.7 करोड़ से अधिक और एयरटेल श्रीलंका के 50 लाख से अधिक ग्राहक हैं।


torrent POWER DNHDD

**बिजली बंद होने की सुचना**

उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणात्मक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव ऊर्जा निगम लिमिटेड द्वारा नेटवर्क रखरखाव की योजना बनाई है, ऐसा हमें सूचित किया गया हैं। निम्न दर्शित संबंधित सबस्टेशनों के सामने दिखाए गए क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए, उल्लिखित तिथियों पर, सुबह ०९:०० बजे से सांय ०६:०० बजे के बीच बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। हालांकि, बिजली आपूर्ति निर्धारित समय से पहले शुरू करने के सभी प्रयास किए जाएंगे।

| दिनांक | सबस्टेशन | फीडर | क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|
| २०/०४/२०२४ शनिवार | मसाट | सभी फीडर | मसाट गाम, कुडाचा गाम, सायली भोयापाडा, सायली चोकीपाडा, सायली प्लोटपाडा, सायली पारसीपाडा, सायली वैजलपाडा, सायली काकनपाडा, सामरवर्णी-रघुफलीया, प्रमुख स्नेह, शाहिकल्प एपार्ट., प्रमुख मिलन, मेघावी होटल. एक्सप्रेस फीडर्स : क्रिष्णा ग्रुप, खाटुश्याम इन्जस्ट्रीझ, गणपति एलोयस, मेहराटेक्ष इन्ड., तुफ्रोप्स, वीनर एम्पायर, एडोर वेल्डींग, बीको इन्ड., रीक्राफ्ट इन्ड., बालाजी, हनुमान, टीसीपीएल, शेखावती, सिद्धि प्लास्ट, रुंगटा, ब्ल्यु चिप, इन्टरव्रेप, वासुपूज्य फिलामेन्ट, होराइजन |

असुविधा के लिए खेद है

दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव पावर डिस्ट्रीब्युशन कोर्पोरेशन लिमिटेड प्रस्तुत करता है वरिष्ठ एवं दिव्यांग नागरिकों के लिए विभिन्न बिजली संबंधित सेवाए, जिनको अब घर बैठे कॉल करके प्राप्त किया जा सकता है।

- बिजली बिल में नाम बदलना
- बिजली कनेक्शन के स्थान मे परिवर्तन
- बिजली आपूर्ति में सुधार
- नए बिजली कनेक्शन के लिए
- बिजली बिलों का भुगतान

आपकी सेवा में सदैव उपस्थित

24/7 Helpline 9099991912, 18002339500, 19126, 18002705551

connect.torrentpower.com

connect.dnhdd@torrentpower.com

# भाजपा की झोली कितनी भरेगी पूर्वोत्तर से

आर.के. सिन्हा

**पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5जी कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहां के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी में जबरदस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं। पूर्वोत्तर के कई हिस्से पहली बार रेल सेवा से जुड़ रहे हैं।**

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुंचती हैं वहां की जनता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनाव में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है , तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहां भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है।

पूर्वोत्तर की ह्लसेवन सिस्टर्सह्व या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21सीटें मिलीं थीं। भाजपा अबकी बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है। अभी तक इंडी गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनाव में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह प्रभारी डॉ. संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव




ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन -प्रतिदिन की मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मजबूत ही किया है ।

मणिपुर में हालांकि केवल दो लोकसभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहां के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है, क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देन ही मानी जाती है । पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृहमंत्री अमित शाह कर भी रहें हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था।

पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। गृहमंत्री अमित शाह कहते हैं कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की नीतियां समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की रही थी। जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुई। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई।

मोदी सरकार के आने के बाद असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर पूर्णतः सहमत हुआ। अमित शाह कहते रहे हैं कि उग्रवादी बहकाये हुए अपने ही लोग हैं। इन्हें अगर रोजगार के अवसर और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा नए भारत की तस्वीर दिखाई जाए तो यह हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आगे आएंगे। उल्फा के कैडरों का आत्मसमर्पण इसी विश्वास का परिणाम है। शाह की नीतियों की यह सफलता ही है कि पूरे नॉर्थ ईस्ट में 9000 से ज्यादा उग्रवाद पर चल रहे कैडरों ने समर्पण किया है।

पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5जी कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहां के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी में जबरदस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं। पूर्वोत्तर के कई हिस्से पहली बार रेल सेवा से जुड़ रहे हैं। आजादी के 75 साल के बाद मेघालय भारत के रेल नेटवर्क पर आया। नागालैंड को 100 साल बाद अब अपना दूसरा रेलवे स्टेशन मिला। पहली मालगाड़ी मणिपुर के रेलवे स्टेशन पहुंची। सिक्किम को पहला हवाई अड्डा मिला। मणिपुर में जातीय हिंसा पर विपक्ष मोदी सरकार की काफी आलोचना कर रहा है। जबकि केंद्र सरकार हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। जब वहां संघर्ष चरम पर था, तब खुद गृहमंत्री अमित शाह वहां गए थे। तनाव को खत्म करने के लिए उन्होंने विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ तमाम बैठकें कीं । यह उम्मीद भी मोदी और अमित शाह से ही है कि मणिपुर में स्थाई शांति लाने में कामयाब होंगे। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के लोगों के दरवाजे तक गवर्नेंस पहुंचाने का प्रण लिया है। उन्होंने इस धारणा को बदल दिया है कि पूर्वोत्तर बहुत दूर है। मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने पूर्वोत्तर को दिल्ली से दिल से बेहद करीब लेकर आई है। यहाँ निवेश पहले से चार गुना अधिक हो रहा है। हाल ही में अरुणाचल में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई गई सेला टनल का प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन किया और चीन को अपना इरादा बता दिया। देश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मणिपुर में स्थापित की गई है। 8 राज्यों में 200 से अधिक ह्यखेलो इंडिया सेंटरह्व बनाए जा रहे हैं। कुल मिलाकर लग यही रहा है कि पूर्वोत्तर भारत भाजपा को आगामी चुनाव में दिल खोलकर समर्थन देगा।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

## संपादकीय

### हथियार छोड़ने का समय

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में मंगलवार को हुई एक मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 29 नक्सलवादियों को मौत की नींद सुला दिया। सरकार की दृष्टि से सुरक्षा बलों का यह कारनामा इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि एक तो इसमें बड़ी संख्या में नक्सलवादियों को मारा गया है, और दूसरे, मारे गए नक्सलियों में उनके नामी गिरामी ईनामी कमांडर भी शामिल हैं। 19 अप्रैल को प्रथम चरण के मतदान से पूर्व सुरक्षा बलों की इस सफलता पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ी संख्या में नक्सलियों का सफाया करने वाले सुरक्षा बलों के जवानों को बधाई देते हुए कहा कि मोदी सरकार देश को नक्सलवाद की बुराई से मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसे विचारधारात्मक धरातल पर एक बड़ी त्रासदी ही कहा जाएगा कि जो आंदोलन भारत के दबे-कुचले मानवीय समूहों को उनका हक तथा गरिमापूर्ण जीवन दिलाने के लिए पूंजीवाद, साम्राज्यवाद और सामंतवाद को सशस्त्र संघर्ष के बल पर उखाड़ फेंक देना चाहता था और शोषित-वंचित तबकों को जल, जंगल और जमीन और खनिज संपदा का आधिपत्य दिलाना चाहता था, अब वह अपनी समाप्ति की घड़ियां गिन रहा है। नक्सलवाद की आरंभिक सोच यही थी कि जिस तरह से सोवियत संघ में लेनिन के नेतृत्व में साम्यवादी क्रांति सफल हुई और उसके बाद जिस तरह से माओ-त्से-तुंग के नेतृत्व में सशस्त्र संघर्ष के बल पर चीन में साम्यवादी सत्ता स्थापित हुई, उसी तरह भारत में भी की जा सकती है। इसी विचार को आधार बिंदु मानकर उन्होंने अपने संघर्ष को आगे बढ़ाया। कम्युनिस्ट समूहों में उग्र मतभेदों, टूट-फूट और विभाजनों के बावजूद देश के उन हिस्सों में जहां राज्य की भुजा आसानी से पहुंचने में सक्षम नहीं थी, वहां अपना प्रभाव भी बढ़ाया। एक समय ऐसा आया जब देश के दस राज्यों के 180 जिले नक्सलवाद से प्रभावित घोषित किए गए लेकिन नक्सलवादी नेतृत्व कभी भी ठीक प्रकार से यह नहीं समझ सका कि सोवियत संघ और चीन में जैसी आर्थिक-सामाजिक परिस्थितियों के बीच कम्युनिस्ट संघर्ष को सफलता मिली थी, भारत में वैसी परिस्थितियां नहीं थीं। भारत का समाज जाति, धर्म, क्षेत्र आदि जैसे विभाजनों से ग्रस्त था, उसमें इस विचारधारा के आगे पनपने की कोई गुंजाइश नहीं थी और परिणाम सामने है। बेहतर होगा कि नक्सलवादी अपने संघर्ष सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर करें ताकि जनता जागरूक हो सके और लोकतंत्र के भीतर ही जनता सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर पाए।

## चिंतन-मनन

### अहंकार से ज्ञान का नाश

अहंकार से मनुष्य की बुद्धि नष्ट हो जाती है। अहंकार से ज्ञान का नाश हो जाता है। अहंकार होने से मनुष्य के सब काम बिगड़ जाते हैं। भगवान कण-कण में व्याप्त है। जहाँ उसे प्रेम से पुकारो वहीं प्रकट हो जाते हैं। भगवान को पाने का उपाय केवल प्रेम ही है। भगवान किसी को सुख-दुख नहीं देता। जो जीव जैसा कर्म करेगा, वैसा उसे फल मिलता है। मनुष्य को हमेशा शुभ कार्य करते रहना चाहिए।

कभी किसी को नहीं सताओ : धर्मशास्त्र के श्रवण, अध्ययन एवं मनन करने से मानव मात्र के मन में एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सद्भावना एवं मयार्दा का उदय होता है। हमारे धर्मग्रंथों में जीवमात्र के प्रति दुर्विचारों को पाप कहा है और जो दूसरे का हित करता है, वही सबसे बड़ा धर्म है। हमें कभी किसी को नहीं सताना चाहिए। और सर्व सुख के लिए कार्य करते रहना चाहिए।

गुप्तदान महादान : मनुष्य को दान देने के लिए प्रचार नहीं करना चाहिए, क्योंकि दान में जो भी वस्तु दी जाए, उसको गुप्त रूप से देना चाहिए। हर मनुष्य को भक्त प्रहलाद जैसी भक्ति करना चाहिए। जीवन में किसी से कुछ भी माँगो तो छोटा बनकर ही माँगो। जब तक मनुष्य जीवन में शुभ कर्म नहीं करेगा, भगवान का स्मरण नहीं करेगा, तब तक उसे सद्बुद्धि नहीं मिलेगी।

मृत्यु से कोई नहीं बच पाया : धन, मित्र, स्त्रि तथा पृथ्वी के समस्त भोग आदि तो बार-बार मिलते हैं, किन्तु मनुष्य शरीर बार-बार जीव को नहीं मिलता। अतः मनुष्य को कुछ न कुछ सत्कर्म करते रहना चाहिए। मनुष्य वही है, जिसमें विवेक, संयम, दान-शीलता, शील, दया और धर्म में प्रीति हो। संसार में सर्वमान्य यदि कोई है तो वह है मृत्यु। दुनिया में जो जन्मा है, वह एक न एक दिन अवश्य मरेगा। सृष्टि के आदिकाल से लेकर आज तक मृत्यु से कोई भी नहीं बच पाया।

# हिन्दू नववर्ष में शांति से काम लें



संजय गोस्वामी

जैसा की मालूम होगा हिंदी कैलेंडर के अनुसार, चैत्र मास की प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष की शुरूआत मानी जाती है। इस बार हिंदू नववर्ष 09 अप्रैल 2024 से शुरू हुआ, जो विक्रम संवत 2081 के नाम से भी जाना जाता है। इसका वैदिक मान्यता यह है कि स्वर्णिम देह भगवान ब्रह्मा जी ने आज ही सृष्टि रचना प्रारंभ की थी। जब ओंकार वाच्य परब्रह्म को विश्व रचने का संकल्प हुआ तो सबसे पहले हिरण्यमय ब्रह्मा का रूप धारण किया, इसीलिए कहा है, स वे शरीरी प्रथम। सबसे बड़ी शक्ति तो परब्रह्म या ब्रह्म ही है जिसका शाब्दिक अर्थ है जिससे बड़ा कोई न हो।यही कारण है ब्रह्म का साकार रूप ब्रह्मा है। वृद्ध रूप में वे हो ब्रह्मांड रूप परिवार के मुखिया अर्थात पितामह अर्थात इतने आदरणीय है कि पिता के भी पिता है। ब्रह्माजी ने ही सूर्य, चंद्र, पृथ्वी का सृजन कर उसे धारण किया है अतः उन्हें धाता कहा गया है। चाहे श्रमिक हो या चक्रवर्ती सम्राट ब्रह्मा जी के विधान से नहीं बच सकता। कहा भी है विधाता का विधान कोई टाल नहीं सकता। भविष्य पुराण अनुसार ब्रह्माजी के विधान को न तो भगवान विष्णु टाल सकते न परमेश्वर शिव ही।विश्व की रचना का कर्म करने कारण नहीं ही विश्वकर्मा कहा गया है। ऋग्वेद के एक श्लोक अनुसार अजन्मा प्रजापति ब्रह्मा बारंबार शिशु के रूप में जन्म ले रहे हैं, इस प्रकार सारे मनुष्यों को ब्रह्मा दशार्या गया है। यही कारण है कि स्कंद पुराण में स्वयं साक्षात शिव, जगदम्बा पार्वती से कहते हैं, ब्रह्मा के समान न तो देव, न गुरु और न ज्ञान है। विभिन्न धर्म ग्रंथों भविष्य पुराण, अग्नि पुराण आदि के अनुसार आज ब्रह्माजी की पूजा अर्चना का दिवस है। स्वर्णिम देह ब्रह्मा जी पूरे भारत को स्वर्णिम वैभव से पूरित है संवत्सर पर्व, नव वर्ष सभी के कल्याणकारी होता है यदि हम भगवान श्री राम के महत्व को जानते हैं तो क्योंकि रामनवमी भी इसी नवरात्र के अंत में आता है और कहा गया है अंत भला तो सब भला। ब्रह्म पुराण के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। इस दिन देश के विभिन्न राज्यों में गुड़ी पड़वा, उगादी और चैत्र नवरात्रि जैसे महापर्व भी मनाए जाते हैं। इस नए संवत्सर 2081 की शुरूआत मंगलवार से हो गई इसलिए मंगल ग्रह ही इस वर्ष का राजा हैं । जबकि शनि देव इसके मंत्री होते हैं ।हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 9अप्रैल से शुरू हुआ । हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष आरंभ होता है। ब्रह्म पुराण के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था। पृथ्वी अपने अक्ष पर घूमते हुए सूर्य का एक चक्कर लगाने के बाद जब दूसरा चक्र शुरू करती है तब हिंदू नववर्ष आता है। इस दिन देश के विभिन्न राज्यों में गुड़ी पड़वा, उगादी और चैत्र नवरात्रि जैसे महापर्व भी मनाए जाते हैं। यह हिंदू नववर्ष अधिक खास है भारतीय के लिए, हम गुलामी की जंजीर में ऐसे जकड़े की अपना समय को भी अपने अनुसार नहीं ढाल पाएं और इसलिए लोगों की वैदिक अवधारण नस्ट हो रही है कोई राजनेता वो भी हेलीकाप्टर से मछली खाता है और सबों को नास्तिक बनाता है कभी बिहार में नीतीश कुमार ने ऐसा नहीं किया जो शर्मनाक मकसद से बनाया गया जाति में बांटो औए वोट मजबूत करो लेकिन आप ऐ याद रखें जो अपनी आँखो से नहीं तो टीवी में देखा होगा आपको कभी हेलीकाप्टर पर बिठाया मोदी करेंगे कुछ वक़्त और मिलेगा तो नवभारत का निर्माण होगा और वैदिक विज्ञान से भारत को नई दिशा मिलेगी जो कहते हैं राम मंदिर उनका यानि बीजेपी वालों का हैं तो क्या हम बाबारी मस्जिद को लाएंगे यदि किसी ने भगवान राम को जन्मभूमि मान कर पूजन कर लिया तो क्या गलत है इसमें यानि यदि गलती से आप आयेंगे तो राम का नाम लेने पर बैन लगा देंगे साध्वी प्रज्ञा को जेल में फालतू डालकर आपने जो किया वही आपको दिशाहिन बना रहा है यदि उछलना नहीं है तो शांत मन एक बार अपनी गलती को समझने की कोशिश करें और सुधार करें यदि इसी तरह उछलते रहें तो लोकतंत्र में जनता आपको उछाल देगी।हर दिन और समय एक ही होता है वो पृथ्वी के घूमने से भगवान श्री राम में ही ऐसी ताकत हैं की उसे बदल भी सकते हैं और किसी में नहीं तभी तो हनुमानजी ने समय से आगे निकलकर भगवान लक्ष्मण के लिए लंका से हिमालय की दुरी कुछ ही घंटो में पूर्ण कर ली और स्वामी विवेकानंद ने तो राम को ईश्वर के समकक्ष माना है ऐ भी आप जानते होंगे की स्वामी विवकानंद ऐसा ज्ञानी पुरुष कोई नहीं हुआ जिन्होंने शिकागो में भारत का मस्तिष्क ऊँचा किया आप उनकी विरासत को मिट्टी में मिला रहे हो केवल नौकरी देना चुनाव का उद्घोष है तो गलत है संस्कार सबसे बड़ी चीज होती है और यही कारण है मंत्री जेल जा रहें हैं।

# एनसीईआरटीः किताबों में बदलने लगा इतिहास




प्रमोद भार्गव

राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं। 21 वर्ष की खींचतान और दुनिया भर में हुए अध्ययनों के बाद तय हो गया कि 'आर्य सभ्यता' भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय 'राखीगढ़ीमैन' के नाम से प्रसिद्ध प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12 की किताब में बदलाव किया गया है। इतिहास की पुस्तक में 'ईट, मोती और हड्डियां : हड़प्पा सभ्यता' पाठ में आर्यों को मूल भारतीय बताया गया है। कक्षा 7, 8, 10 व 11 की इतिहास व समाजशास्त्र की पुस्तकों में भी बदलाव किया गया है।

इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है, इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है परंतु अब आर्यों के भारतीय होने संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवी शील्ड ने किया था।

2003 में 'अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स' में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि




2009 में वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आयरे को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। एनसीआरईटी की इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं।

इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए हैं। इतिहास की पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। गोया, अब यह अवधारणा पलट गई है कि आर्य न तो विदेशी थे और न ही उन्होंने भारत पर आक्रमण किया।

हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में पुरातत्वीय खुदाई में 5000 साल पुराने मिले दो मानव कंकालों के डीएनए अध्ययन के निष्कर्ष से यह धारणा सामने आई है। इन कंकालों में एक पुरुष और एक स्त्री का था। इनके कई नमूने लेकर उनका आनुवांशिक अध्ययन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, भारत सरकार, डेक्कन विश्वविद्यालय पुणे, सीसीएमबी, हैदराबाद और हार्वड स्कूल ऑफ मेडिसन बोस्टन, यूएसए ने किया है।

डीएनए विश्लेशण में यह भी स्पष्ट हो गया है कि आर्य और द्रविड़ मूल भारतीय हैं। आर्य हमलावर के रूप में विदेश से आए होते और नरसंहार किया होता तो मानव कंकालों के शरीर पर घावों के निशान होते। भारतीय संस्कृति और भाषाएं नष्ट हो गई होतीं। ऐसा होता तो आक्रमण की बात सिद्ध होती। व्यापार, पर्यटन आदि के लिए भारत में विदेशी आते रहे और भारतीय भी विदेश जाते रहे, इन कारणों से जीन में मिलावट होती रही हैं।

प्रो. शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग-अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर-कंकाल मिले। भिन्न आकार-आकृति के हवन-कुंड और कोयले के अवशेष भी मिले हैं। तय है कि भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे। आनुवांशिक अनुसंधान ऐतिहासिक-अवधारणाओं को बदलने के ये आधार बने हैं। 'आर्यों' के ऊपर 'आनुवांशिकी' के आधार पर पहले भी एक शोध सामने आया है। उससे तय हुआ है कि भारतीयों की कोशिकाओं का जो आनुवांशिकी ढांचा है, वह बहुत पुराना है।

डीएनए के आधार पर एक महत्त्वपूर्ण खोज से साबित हुआ है कि भारत के बहुसंख्यक लोगों के दक्षिण भारतीय दो आदिवासी समुदाय पूर्वज हैं। गंगा घाटी से आयरलैंड तक की भाषाएं आर्य परिवार की आर्य भाषाएं हैं। इसी कारण इन भाषाओं में लिपि एवं उच्चारण की भिन्नता होने के बावजूद अपभ्रंशी समरूपता है और इन भाषाओं का उद्गम स्त्रोत संस्कृत है।

बंगाली इतिहासकार एसी दास इस स्थान अथवा मूल भारतीयों का निवास स्थल ह्यसप्त सिंधुह्व मानते हैं, जो पंजाब में था। अब आर्यों के मूल भारतीय होने की अवधारणा को मान्यता मिल रही है। तब इतिहास के इस तथ्य के बदलाव को केवल शालेय पुस्तकों में परिवर्तन तक सीमित न रखते हुए उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी हैं।

## लखनऊ सुपर जाइंट्स और सीएसके के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

**लखनऊ (एजेंसी)।** आईपीएल में शुक्रवार को इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैच में जीत से लय हासिल करना चाहेगी। लीग में अच्छी शुरुआत के बाद पिछले दो मैचों में मिली हार से टीम को झटका लगा है। ऐसे में अब वह घरेलू मैदान में जीत से अपने अभियान को पटरी पर लाना चाहेगी।

वहीं सीएसके टीम के पास पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। धोनी अब कप्तान नहीं है पर टीम की रणनीति के पीछे उनकी भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा अंतिम ओवर में जिस प्रकार मुम्मई इंडियंस के खिलाफ उन्होंने तीन छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी थी उससे भी अंदाजा होता है कि उनकी फिटनेस अब भी शानदार है। इस मैच में सीएसके की दावेदारी इसलिए भी अधिक मजबूत है क्योंकि उसने अपने पिछले दोनो ही मैच जीते हें जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार हार का सामना झेलनी पड़ी है जिससे उसपर दबाव रहेगा। लखनऊ के बल्लेबाज अब तक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं, ऐसे में सीएके के गेंदबाजों का सामना करना उनके लिए कठिन रहेगा।

सीएसके के पास मथीषा पथिराना जैसा गेंदबाज है जिसे अंतिम ओवरों में खेलना बेहद कठिन रहता है। वहीं मुस्ताफिजुर रहमान की गेंदबाजी में भी काफी विविधता है। इसके अलावा स्पिनर रविंद्र जडेजा भी प्रभावी रहे हैं।

वहीं लखनऊ की गेंदबाजी युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव के चोटिल होने से कमजोर हुई है। टीम के अनुसार मयंक ने अभ्यास शुरु कर दिया है पर अभी उनका खेलना तय नहीं हैं। अगर वह खेलते हैं तो सीएसके के बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। स्पिनर रवि बिश्नोई ने भी अब तक काफी अच्छी गेंदबाजी की है। पर विविधता न होने से उन्हें विकेट नहीं मिल पाये हैं। लखनऊ के स्पिनरों के लिए सीएसके के आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे को रोकना आसान नहीं होगा। शिवम ने अब तक स्पिनरों के खिलाफ काफी आक्रामक बल्लेबाजी की है। इसके




अलावा टीम के पास अजिंक्य रहाणे और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और डेवोन कॉनवे जैसे बल्लेबाज हैं। बल्लेबाजी में लखनऊ को प्रमुख बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक से रनों की उम्मीदें रहेंगी। वह पिछले तीन मैचों में अधिक रन नहीं बना पाये हैं। 'इंपैक्ट प्लेयर' के नियम के कारण कृणाल पंड्या सातवें नंबर पर उतर रहे हैं और छह मैचों में 41 गेंद ही खेल सके। ऐसे में उन्हें लाभ के लिए ऊपर भेजा जा सकता है। कप्तान राहुल भी अब तक उम्मीद के अनुसार रन नहीं बना पाये हैं। टीम की ओर से निकोलस पूरन ने आक्रामक बल्लेबाजी की है जिसे वह बरकरार रखना चाहेंगे। देवदत्त पडिक्कल के खराब फार्म से टीम की परेशानी बढ़ी है।

### टीम

**लखनऊ सुपर जाइंट्स** = केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

**चेन्नई सुपरकिंग्स** = रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

## रोहित बोले, धोनी नहीं कार्तिक को विश्वकप के लिए मनाना होगा आसान




**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी और दिनेश कार्तिक की जमकर प्रशंसा की है। रोहित ने कहा कि आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए धोनी को वापसी के लिए मनाना संभव नहीं रहेगा क्योंकि वह अब किसी भी हालत में वापस नहीं आयें पर कहा कि कार्तिक को वापसी के लिए मानना आसान होगा। रोहित वानखेड़े स्टेडियम में धोनी की जबरदस्त पारी से प्रभावित हैं जिसमें उन्होंने केवल चार गेंदों पर 20 रन बनाए थे जिसमें लगातार तीन छक्के शामिल थे। वहीं कार्तिक ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए 83 रन बनाये थे। रोहित ने कहा, मैं कार्तिक की बल्लेबाजी से खुश हूं । जिस तरह से उन्होंने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की। ऐसे में कार्तिक को विश्वकप के लिए मनाया जा सकता है। । कार्तिक ने आरसीबी की ओर से इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्होंने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मैच में 53 रन बनाए तब रोहित ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि उनके दिमाग में विश्वकप चल रहा है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अकेले ही 83 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया।

## पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच टी20 मैचों की सीरीज आज से



### -पिछली हार का हिसाब बराबर करने उतरेगी पाक टीम

**लाहौर (एजेंसी) ।** पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज आज से शुरु होगी। इस सीरीज में पाक टीम के पास पिछले न्यूजीलैंड दौरे में मिली हार का हिसाब बराबर करने का अवसर है। इसी साल जनवरी में दोनों टीमों के बीच खेले गए 5 मैचों की टी20 सीरीज में पाकिस्तान को 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। दोनों टीमों ने अपने दल की घोषणा कर दी है। इस सीरीज में पाक की कप्तानी बाबर आजम जबकि न्यूजीलैंड टीम की कप्तानी माइकल ब्रेसवेल कर रहे हैं।

पाक और न्यूजीलैंड के पिछली सीरीज में पाक टीम की कप्तानी तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी कर रहे थे पर अब शाहीन को पीसीबी ने कप्तानी से हटा दिया है। शाहीन की जगह फिर से आजम को कप्तानी दे दी गयी है। इस सीरीज का पहला मैच आज जबकि दूसरा टी20 20 अप्रैल को जबकि तीसरा 21 अप्रैल को खेला जाएगा। वहीं चौथा टी20 मैच 25 अप्रैल को और पांचवां और आखिरी टी20 27 अप्रैल को खेला जाएगा।

## आईपीएल 2024 : दिल्ली कैपिटल्स ने अंक तालिका में लगाई लम्बी छलांग, गुजरात को नुकसान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2024 के मैच में गुजरात टाइटन्स को 6 विकेट से हराकर तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई। गुजरात अपने नेट रन रेट में गिरावट के साथ एक स्थान गिरकर सातवें स्थान पर आ गया। मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स ने ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ संयुक्त रूप से सबसे सफल रन-चेज पूरा किया और स्टैंडिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। दिल्ली ने गुजरात को हराकर तालिका में लम्बी छलांग लगाई है। इससे पहले दिल्ली 9वें स्थान पर थी लेकिन गुजरात को हराने के बाद उसे तीन पायदान का फायदा हुआ है। वहीं दिल्ली की नेट रन रेट अभी भी माइनस में है। दिल्ली के 7 मैचों में 3 जीत और चार हार के साथ 6 अंक हैं और उसका नेट रन रेट -0.074 है। गुजारत को इस हार से एक पायदान का नुक्सान हुआ जो पहले छठे स्थान पर थी। दिल्ली के हार के बाद अब गुजरात भी 7 मैचों में 3 जीत और 4 हार के बाद 6 अंकों पर है। लेकिन उनकी रेट रन रेट -0.637 से -1.303 हो गई है जिससे वह तालिका में 7वें स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स वर्तमान में सात मैचों में 12 अंकों के साथ आईपीएल 2024 अंक तालिका में शीर्ष पर है, उसके बाद दूसरे स्थान पर कोलकाता नाइट



राइडर्स (8 अंक) और तीसरे स्थान पर चेन्नई सुपर किंग्स (8 अंक) हैं। सनराइजर्स हैदराबाद (8 अंक) चौथे स्थान पर है। इस बीच लखनऊ सुपर जायंट्स (6 अंक) पांचवें, दिल्ली कैपिटल्स छठे, गुजरात टाइटंस सातवें और पंजाब किंग्स (4 अंक) आठवें स्थान पर हैं। मुंबई इंडियंस (4 अंक) नौवें स्थान पर है और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर स्टैंडिंग (2 अंक) में सबसे नीचे है। दिल्ली बनाम गुजरात मैच की बात करें तो 90 रनों का पीछा करते हुए दिल्ली ने 8.5 ओवर में 92/4 रन बनाए जिसमें ऋषभ पंत (16*) और सुमित कुमार (9*) नाबाद रहे। गुजरात के गेंदबाजी विभाग के लिए संदीप वारियर ने दो विकेट लिए। शुरुआत में, मुकेश कुमार के तीन विकेटों की मदद से दिल्ली ने गुजरात को 17/3 ओवर में 89 रन पर आउट कर दिया। राशिद खान 24 गेंदों पर 31 रन की पारी के साथ जीटी के शीर्ष स्कोरर रहे। मैच के बाद बोलते हुए प्लेयर ऑफ द मैच पंत ने कहा, 'खुश होने के लिए बहुत सी चीजें हैं। हमने चैंपियन विचार प्रक्रिया के बारे में बात की और हमारी टीम ने आज दिखाया कि हम उस तरह खेल सकते हैं और यह देखकर वास्तव में खुशी हुई। गेंदबाजी पर बात करते हुए उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से सर्वश्रेष्ठ में से एक, यह टूर्नामेंट की शुरुआत है, ज्यादा कुछ नहीं कह सकता क्योंकि हम व्यक्तिगत रूप से सुधार कर सकते हैं, मैदान पर आने से पहले एकमात्र विचार प्रक्रिया बेहतर तरीके से आना था, जब मैं जा रहा था तो यही एकमात्र विचार था।'

उन्होंने कहा, 'लक्ष्य का पीछा करने से पहले हमारी एकमात्र बातचीत यह थी - चलो इसे जितनी जल्दी हो सके प्राप्त करें, हमने पहले कुछ रन-रेट अंक खो दिए थे और हमने इसे कवर कर लिया। हम सिर्फ अहमदाबाद में रहना पसंद करते हैं, हम स्टेडियम, यहां के माहौल को पसंद करते हैं। हम यहां और अधिक मैच खेलने के लिए उत्सुक हैं। हम एक-एक करके अपनी जीत का आनंद लेना चाहते हैं और उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं।'

## सुपर जॉयंट्स ने मयंक की शीघ्र वापसी के संकेत दिये

मुम्बई (ईएमएस) । अपने पहले ही दो मैचों में आईपीएल इतिहास की सबसे तेज गेंद फेंककर धूम मचाने वाले लखनऊ सुपर जॉयंट्स के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव की टीम में शीघ्र वापसी की उम्मीदें हैं । मयंक चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच नहीं खेल पाये थे । वहीं इस सत्र में अपनी तेज रफ्तार से मयंक ने सभी को



अपना प्रशंसक बनाया है । लखनऊ सुपर जॉयंट्स ने अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है । इसमें मयंक को गेंदबाजी करते हुए देखा गया है । वह चोट की वजह से मयंक दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल सके. मयंक का जो वीडियो आया है उसमें लिखा है, ' फिर से उड़ चला ।' मंयक 7 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में केवल एक ओवर गेंदबाजी के बाद दर्द के कारण मैदान से बाहर चले गये थे उनके पैर में किसी तरह की समस्या हुई और बाद में उन्हें फिजियो के सहारे ग्राउंड से बाहर जाते हुए देखा गया । उन्हें पीठ के निचले हिस्से में तकलीफ हुई थी. करियर के पहले ही दो आईपीएल मैचों में मयंक ने अपनी तूफानी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया । वह 156.7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंक चुके हैं । इस आईपीएल में सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड मयंक के नाम है । उन्होंने दूसरे ही मैच में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा । डेब्यू आईपीएल मैच में मयंक ने 155.8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी । मयंक यादव ने पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 3-3 विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी । उन्होंने इस आईपीएल में अभी तक 9 ओवर की गेंदबाजी की है । जिसमें उनके नाम 6 विकेट हैं ।

## टी20 विश्वकप के लिए दिनेश कार्तिक ने भी पेश की दावेदारी



मुम्बई । आगामी टी20 विश्वकप के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को भी एक प्रबल दावेदार बताया जा रहा है । आईपीएल के इस सत्र में कार्तिक ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 35 गेंद पर 83 रन की पारी खेली थी । वहीं इससे पहले मुम्बई इंडियंस के खिलाफ इस बल्लेबाज ने 53 रन बनाये थे । तब भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मजाकिया अंदाज में कहा था कि कार्तिक के दिमाग में टी20 विश्वकप चल रहा है । ऐसे में कोई भी उनकी दावेदारी को खारिज नहीं कर सकता है । कार्तिक आईपीएल 2024 में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में 10वें नंबर पर हैं पर स्ट्राइक रेट के मामले में वह पहले नंबर पर आते हैं । टूर्नामेंट में एक भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है, जिसने 150 रन से ज्यादा बनाए हों और उसका स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा हो । दिनेश कार्तिक ने 7 मैच की 6 पारियों में 75.33 की औसत और 205.45 स्ट्राइक रेट से 226 रन बनाए हैं । आईपीएल 2024 में केवल संजू सैमसन ने दिनेश कार्तिक से ज्यादा रन बनाए हैं पर टी20 वर्ल्ड कप में दावेदारी की आती है तो सैमसन की दावेदारी कमजोर पड़ जाती है । इसका कारण ये है कि सैमसन टॉप-3 में बल्लेबाजी करते हैं । भारतीय टीम के पास टॉप-3 के लिए कप्तान रोहित शर्मा समेत कई दावेदार हैं । भारतीय टीम के इस संयोजन में वह विकेटकीपर सबसे ज्यादा फिट होगा जो मध्यक्रम में बल्लेबाजी करता हो । भारतीय टीम संयोजन में इस समय दिनेश कार्तिक के अलावा ऋषभ पंत ही एक बड़े दावेदार हैं । ऋषभ ने आईपीएल 2024 में मिडिलऑर्डर में बल्लेबाजी करते हुए 6 मैच में 32.33 की औसत और 157.72 स्ट्राइक रेट से 194 रन बनाए हैं ।


## श्रीलंका महिला टीम ने एकदिवसीय मुकाबले में बनाए कई रिकार्ड

**पॉचेफ्स्ट्रूम (एजेंसी) ।** श्रीलंका महिला और दक्षिण अफ्रीका की टीम के बीच खेले गए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मुकाबले में कई रिकार्ड बने। इस मैच को जीतने के साथ ही श्रीलंका पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने 300 से अधिक का लक्ष्य पीछा करते हुए हासिल किया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम था। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 289 रन चेज करते हुए ऐसा कारनामा किया था। श्रीलंका का चार विकेट पर 305 और दक्षिण अफ्रीका का पांच विकेट पर 301 का स्कोर महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में चेज के दौरान दोनों टीमों संयुक्त सर्वाधिक स्कोर है। इससे पहले 2017 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड के 374 रनों के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट पर 305 रन बनाए थे। चमारी अटापट्टू और लॉरा वुल्फार्ट की जोड़ी पुरुष और महिला दोनों के ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय के इतिहास में पहली ऐसी जोड़ी है जिसने एक मैच में 175 से अधिक रनों की पारी खेली है। इन दोनों ने कुल 390 रन




बनाते हुए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में दो कप्तानों द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रनों के मामले में विराट कोहली और एंजेलो मैथ्यूज को भी पीछे छोड़ दिया है। रांची में वर्ष 2014 में दोनों ने नाबाद 139 रनों की पारी खेली थी। नाबाद 195 का चमारी का यह स्कोर महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में लक्ष्य का पीछा करने का सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड मेग लानिंग के नाम था जिन्होंने वर्ष 2017 में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 152 रनों की पारी खेली थी। रन चेज में अब मैक्सवेल नाबाद (201) ही सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाने के मामले में चमारी से आगे हैं। चमारी का यह स्कोर तीसरा सबसे बड़ा नाबाद सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी है। वह अब एक से अधिक बार 175 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी भी हैं। श्रीलंका की महिला टीम ने एकदिवसीय मैच में अब तक कुल 9 शतक लगे हैं और यह सभी शतक चमारी के बल्ले से आए हैं। अब तक केवल दो ही महिला खिलाड़ियों ने एकदिवसीय में चमारी से अधिक शतक लगाए हैं। नाबाद (184) का वुल्फाट 'का यह स्कोर महिला एकदिवसीय इतिहास का पांचवां सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है जबकि यह अब हारने वाली टीम की ओर से बनाया गया सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले चमारी ने वर्ष 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 178 रनों की पारी खेली थी। हालांकि उस मैच में उनकी टीम हार गई थी। चमारी और नीलाक्षिका सिल्वा के बीच अवजित 179 रनों साझेदारी महिला एकदिवसीय में पांचवें या उससे नीचे के विकेट के लिए दूसरी बड़ी साझेदारी है। यह श्रीलंका महिला टीम के लिए एकदिवसीय में दूसरी बड़ी साझेदारी भी है। इससे पहले वर्ष 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ इन्हीं दोनों खिलाड़ियों ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 190 रनों की साझेदारी बनाई थी।

## चैम्पियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी को हराकर रीयाल मैड्रिड सेमीफाइनल्स में पहुंची




मैनचेस्टर । रीयाल मैड्रिड ने मैनचेस्टर सिटी को पेनल्टी शूटआउट में 4.3 से हराकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल्स में प्रवेश कर लिया । इसके साथ ही रीयाल मैड्रिड ने रिकॉर्ड 15वां खिताब जीतने की दिशा में अगला कदम रख दिया । इस हार के साथ ही सिटी का लगातार दो चैम्पियंस लीग खिताब जीतने वाली पहली इंग्लिश टीम बनने का सपना भी टूट गया । निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर था । मैड्रिड के लिए रौड्रिगो ने 12वें मिनट में गोल किया जिसे 76वें मिनट में केविन डि ब्रूनी ने उतार दिया था । अब सेमीफाइनल्स में मैड्रिड का सामना बायर्न म्युनिख से होगा जिसने आर्सनल को 1.0 से और औसत के आधार पर 3.2 से हराया ।

## आईपीएल 2024 : चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका, डेवोन कॉन्वे चोट के चलते टूर्नामेंट से हुए बाहर

नई दिल्ली । आईपीएल की सबसे सफल टीम चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है । दरअसल, टीम के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं । चोट के चलते कॉन्वे सीजन का एक भी मैच सीएसके के लिए नहीं खेल पाए । सीएसके ने कॉन्वे के रिप्लेसमेंट के रूप में इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को स्क्वॉड में शामिल किया है । आईपीएल द्वारा प्रेस रिलीज जारी की गई, जिसके अनुसार डेवोन कॉन्वे चोट के कारण टाटा आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। पिछले दो आईपीएल सीजन के दौरान सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले कॉन्वे ने 23 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 924 रन बनाए हैं । इसमें 9 फिफ्टी और 92 नाबाद उच्चतम स्कोर शामिल है । प्रेस रिलीज में आगे लिखा है कि, सीएसके ने टाटा आईपीएल 2024 के शेष मैच के लिए रिचर्ड ग्लीसन को टीम में शामिल किया है । ग्लीसन ने 6 टी20 में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया है और उनके नाम 9 विकेट हैं । इसके अलावा ग्लीसन ने 90 टी20 खेले हैं और 101 टी20 विकेट चटकाए हैं । उन्हें 50 लाख रुपये की बेस प्राइस के साथ टीम में शामिल किया गया है ।



## पहलवान साक्षी मलिक को 'टाइम' पत्रिका ने 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में किया शामिल

नयी दिल्ली । ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान साक्षी मलिक को 'टाइम' पत्रिका ने 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया है । कुश्ती में भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता साक्षी को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए इस सूची में जगह दी गयी है । सूची में अन्य भारतीयों में अभिनेत्री आलिया भट्ट, इंडो-ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला शामिल हैं। साक्षी ने दो बार की विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता विनेश फोगाट और तोक्यो ओलंपिक के कांस्य विजेता बजरंग पूनिया के साथ यहां जंतर-मंतर पर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था । इन्होंने देश की महिला पहलवानों को डराने धमकाने और कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के लिए उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी । विरोध प्रदर्शन पिछले साल जनवरी में शुरू हुआ । इसके बाद सिंह के खिलाफ यह लड़ाई एक साल तक चली। सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था लेकिन वह आरोपों से इनकार करते रहे हैं । साक्षी ने उस आंदोलन के बारे में कहा, ''यह लड़ाई अब सिर्फ भारत की महिला पहलवानों के लिए नहीं है । यह भारत की बेटियों के लिए है जिनकी आवाज़ बार बार दबा दी गई । '' सिंह के पद छोड़ने के कुछ ही समय बाद उनके करीबी सहयोगी और व्यवसायिक साझीदार संजय सिंह को डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष चुना गया। संजय सिंह ने जिस दिन डब्ल्यूएफआई की कमान संभाली, उसी दिन साक्षी ने कुश्ती से संन्यास लेने का फैसला कर लिया ।



## एथलेटिक्स में भारत को लगा झटका, घुटने की चोट के कारण श्रीशंकर ओलंपिक से बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था।

इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमश- 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया। श्रीशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'दुर्भाग्य से यह बुरे सपने की तरह लगता है लेकिन यह हकीकत है, मेरा पेरिस ओलंपिक का सपना टूट गया है।'

उन्होंने कहा, 'मुझे मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट लगी और परीक्षण तथा परामर्श के बाद, यह फैसला किया गया कि मुझे सर्जरी कराने की जरूरत होगी।' श्रीशंकर ने कहा, 'अपने पूरे जीवन में, मेरे अंदर प्रतिकूल परिस्थितयों का सामना करने का साहस रहा है, उन स्थितियों को स्वीकार करना जिसे मैं बदल नहीं सकता। उन चीजोंमें सकारात्मक नतीजा हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करना जहां मैं कर सकता हूं।'

पिछले साल जून में श्रीशंकर तीसरे स्थान पर रहकर डाइमंड लीग प्रतियोगिता में शीर्ष तीन में जगह बनाने वाले तीसरे भारतीय बने थे। हालांकि वह बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग दौर से बाहर होने से निराश थे लेकिन हांगझोउ में एशियाई खेलों में रजत पदक जीतकर जोरदार वापसी की। श्रीशंकर ने कहा, 'जिंदगी अजीब पटकथाएं लिखती है और कभी-कभी इसे स्वीकार करने और आगे बढ़ने में साहस होता है। मैं यही करूंगा।'

उन्होंने कहा, 'मेरी वापसी का सफर उसी क्षण शुरू हो गया जब मेरे घुटने में चोट लगी। यह रास्ता लंबा, कठिन होने वाला है और मेरे से बहुत कुछ छीन लेगा।' बॉस्केटबॉल के दिग्गज कोबे ब्रायंट को अपना आदर्श मानने वाले श्रीशंकर ने कहा, 'अच्छी बात यह है कि मेरे पास देने के लिए बहुत कुछ है। मैं इससे निपट लूंगा क्योंकि मांबा मानसिकता का यही मतलब है।'




शब्द 'माम्बा मानसिकता' लॉस एंजिल्स लेकर्स स्टार की जीवन और प्रतिस्पर्धा के प्रति मानसिकता और सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

## इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटा, एक के बाद एक 5 धमाके हुए



जकार्ता । इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के उत्तरी किनारे पर एक ज्वालामुखी फटा है। ज्वालामुखी फटने के बाद पिछले 24 घंटों में कम से कम पांच बड़े विस्फोट हुए हैं। रुआंग पर्वत पर विस्फोट के बाद हजारों फीट ऊंची राख की गुबार देखी गई थी। परिवहन मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इंडोनेशिया ने रात भर ज्वालामुखी विस्फोट के कारण उत्तरी सुलावेसी के मनाडो में सैम रतुलंगी हवाई अड्डे को बंद कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि हवाईअड्डा गुरुवार शाम तक बंद रहेगा और अब तक नौ उड़ानें प्रभावित हुई हैं। वहीं बार-बार हो रहे विस्फोट के बाद अधिकारियों ने ज्वालामुखी चेतावनी को उच्चतम स्तर तक बढ़ा दिया है।बता दें कि साल 2018 में, इंडोनेशिया के अनाक क्राकाटाऊ ज्वालामुखी के विस्फोट के कारण पहाड़ के कुछ हिस्से समुद्र में गिरने के बाद सुमात्रा और जावा के तटों पर सुनामी आई थी जिसमें 430 लोग मारे गए थे। जिसके बाद इंडोनेशियाई अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी जारी की। अधिकारियों ने 11 हजार से ज्यादा लोगों को इलाका छोड़ने का निर्देश दिया गया है। इंडोनेशिया के अधिकारियों ने रुआंग ज्वालामुखी में विस्फोट से बड़े क्षेत्र में राख फैलने के बाद बुधवार को सुनामी का अलर्ट जारी किया। इंडोनेशिया ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक आपदा न्यूनीकरण केंद्र ने कहा कि सुलावेसी द्वीप के उत्तर में स्थित ज्वालामुखी में बीते 24 घंटे के दौरान कम से कम पांच बड़े विस्फोट हुए हैं।

## सशस्त्र विद्रोहियों ने गांव में हमला कर 14 नागरिकों की हत्या की

जेनेवा । संयुक्त राष्ट्र, सशस्त्र विद्रोहियों ने मध्य अफीका गणराज्य (सीएआर) में दक्षिणी मबोमौ प्रांत के एक गांव में हमला कर 14 नागरिकों की हत्या कर दी। हमले में कई लोग घायल हुए हैं और विद्रोहियों ने घरों में आग लगा दी गयी। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संरा कार्यालय (ओसीएचए) ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देकर कहा कि यूपीसी विद्रोही समूह के सदस्यों ने बाकौमा शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूर कोलोगोटा गांव पर हमला किया। ओसीएचए ने कहा, इस हमले में कई लोग घायल हुए हैं और कई घर जला दिए गए हैं। यह नरसंहार कथित तौर पर इसलिए किया गया, क्योंकि सशस्त्र समूह को ग्रामीणों पर मध्य अफ्रीकी सशस्त्र बलों के साथ सहयोग करने का संदेह था। उलेखनीय है कि सशस्त्र समूह के सदस्यों ने दो अप्रैल को पश्चिमोत्तर प्रांत ऊहाम-पेंडे में बोहोंग के पास कम से कम 20 नागरिकों की हत्या कर दी थी और कई घर जला दिए गए थे।

## सिडनी में फिर खुल गया शॉपिंग मॉल... पाकिस्तानी नागरिक को नागरिकता देने पर विचार

सिडनी । सिडनी शहर का वह शॉपिंग मॉल को आम जनता के लिए फिर से खुल गया जहां चाकू से हमले की घटना में छह लोग मारे गए थे। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने पाकिस्तान के उस प्रवासी सुरक्षाकर्मी को नागरिकता देने पर विचार करने की बात कही है, जो हमलावर का मुकाबला करने के दौरान घायल हो गया था। प्रधानमंत्री अल्बानीज ने हमले में बीच बचाव करने वाले लोगों की प्रशंसा की जिसमें सुरक्षाकर्मी मोहम्मद ताहा भी शामिल है। हमले में ताहा के पेट में चाकू मारा गया था। ताहा पाकिस्तान से है और अस्थायी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया में काम रहा है। उसके वीजा की अवधि कुछ ही हफ्तों में खत्म होने वाली है। अल्बानीज ने कहा कि उनकी सरकार ताहा को नागरिकता देने पर विचार करेगी। वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल फिर से खुल गया लेकिन ''सामुदायिक चिंतन दिवस'' पर दुकानें बंद रहेगी। ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े शॉपिंग मॉल में से एक में कारोबार शुक्रवार को फिर से शुरू होगा तथा सुरक्षा के और कड़े बंदोबस्त किए जाएंगे।

## अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने वाले भारतीय नागरिक की मौत

### -जसपाल को अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर गिरफ्तार किया था

वाशिगटन। अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने वाले एक भारतीय नागिरक की अस्पताल में मौत हो गई। उसे भारत भारत भेजा जाना था। यह जानकारी अमेरिका के संघीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी प्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास को 57 वर्षीय जसपाल सिंह की मौत के बारे में जानकारी दे दी गई है। उसके घर वालों को भी की सूचना दे दी गई है। आईसीई ने बताया कि 15 अप्रैल को अटलांटा के एक अस्पताल में जसपाल सिंह की मौत हो गई। भारतीय नागरिक जसपाल ने 25 अक्टूबर 1992 में कानूनी तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था। 21 जनवरी 1998 को एक आव्रजन न्यायाधीश ने सिंह को अमेरिका से जाने का आदेश दिया इसके बाद सिंह स्वेच्छा से भारत लौट आया था। जसपाल सिंह ने 29 जून 2023 को दोबारा अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों ने उसे अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर गिरफ्तार कर लिया था। जसपाल को गिरफ्तार करने के बाद उसे अटलांटा के प्रवर्तन और निष्कासन संचालन (ईआरओ) को सौंप दिया गया था। जहां से उसे अटलांटा के एक हिरासत केंद्र में रखा गया था। अमेरिका में जब ऐसे किसी व्यक्ति की हिरासत केंद्र में मौत होती है जो वहां का नागरिक नहीं है तो ईआरओ को दो दिन के अंदर संसद, गैर-सरकारी संगठन, मीडिया को इसकी सूचना देनी होती है साथ ही अपनी वेबसाइट में उस व्यक्ति से जुड़े विवरण साझा करने होते हैं।

## पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ कर रहे सात आतंकियों को किया ढेर

करांची। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान से लगी सीमा से अशांत खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में घुसपैठ की कोशिश कर रहे सात आतंकवादियों को को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने कहा कि सुरक्षा बलों ने उत्तरी वजीरिस्तान के कबायली इलाके गुलाम खान के स्पिंकई इलाके में पाक-अफगान सीमा के पास सात आतंकवादियों की हलचल देखी गई। उसके बाद पाकिस्तानी सेना घुसपैठियों को घेर लिया तो दोनों और से गोलियां चलनी शुरु होगी और मुठभेड़ के दौरान सभी सात आतंकी मारे गए। मारे गए आतंकियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है। पाकिस्तान लगातार तालिबान के नेतृत्व वाली अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार से सीमा पर प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कहता रहा है।

## उ.कोरिया के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में व्यवस्था बदलने में जुटे अमेरिका और उसके सहयोगी

जेनेवा । अमेरिका और उसके सहयोगी देश उत्तर कोरिया के परमाणु शस्त्र कार्यक्रम को लेकर उस पर नजर रखने के लिए एक नई प्रणाली बनाने के वास्ते संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था के अंदर और बाहर बदलाव पर विचार कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने यह बात कही। रूस ने पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र के एक प्रस्ताव को वीटो कर दिया था, जिससे उत्तर कोरिया के खिलाफ सुरक्षा परिषद के प्रतिबंधों की संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों द्वारा निगरानी को प्रभावी ढंग से अवरुद्ध कर दिया गया। इसके बाद पश्चिमी देशों ने आरोप लगाया कि यूक्रेन में अपनी जंग को बढ़ाने के लिए रूस उत्तर कोरिया से हथियार खरीदे जाने के बचाव में लगा है। ग्रीनफील्ड ने कहा, ''मैं संयुक्त राष्ट्र के अंदर और बाहर दोनों जगह विकल्प तलाशने की कोशिश में कोरिया गणराज्य और जापान दोनों के साथ, बल्कि समान विचारधारा वाले (देशों) के साथ भी जुड़ने के लिए उत्सुक हूं।



सिडनी में एक महिला स्मारक पर फूल चढ़ाती हुई, ये स्मारक वेस्टफील्ड बोंडी जंक्शन के शॉपिंग सेंटर में बना हुआ है।

# ईरान को कब और कैसे जवाब देना है ये हम तय करेंगे: पीएम नेतन्याहू

**यरुशलम (एजेंसी)।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने करीबी सहयोगी देशों की ओर से संयम बरतने की अपील को खारिज करते हुए कहा कि उनका देश यह तय करेगा कि इस सप्ताह की शुरुआत में ईरान के बड़े हवाई हमले का जवाब कैसे दिया जाए। इजराइल ने ईरान के अभूतपूर्व हमले का जवाब देने का संकल्प लिया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जवाब कब और कैसे दिया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में गाजा पट्टी पर शासन कर रहे हमास के लड़ाकों ने इजराइल पर हमला कर करीब 1200 लोगों की हत्या कर दी थी और कई लोगों को बंधक बना लिया था। इसके जवाब में इजराइल ने सैन्य अभियान शुरू किया जो अब भी जारी है और इसके और विकराल रूप लेने की आशंका पैदा हो गई है।



प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी कैबिनेट की बैठक में कहा, 'मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हम अपने निर्णय स्वयं लेंगे। इजराइल अपनी रक्षा के लिए जो भी आवश्यक होगा वह करेगा।' उल्लेखनीय है कि हमले के बाद से इजराइल के सहयोगी उससे आग्रह कर रहे हैं कि वह ऐसी किसी भी प्रतिक्रिया से दूर रहे जो संघर्ष को और बढ़ा सकती है। ब्रिटेन और जर्मनी के विदेश मंत्रियों ने भी यही अपील बुधवार को अपनी-अपनी इजराइल यात्रा के दौरान दोहराई। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने इजरायल पर 185 ड्रोन से हमला किया। इसके अलावा 110 जमीन से जमीन पर मार करने वाली और 36 क्रूज मिसाइलें भी दागी गईं। इससे इजरायली क्षेत्र का आसमान पट गया। मीडिया में आए वीडियो को देखने पर ऐसा लग रहा है मानो आतिशबाजी चल रही हो। रिपोर्ट के मुताबिक, ज्यादातर मिसाइलें और ड्रोन ईरान से ही छोड़ गया, जबकि कुछ मिसाइलें इराक और यमन से भी दागी गई हैं। ईरानी हमले की सूचना मिलते ही पश्चिमी देश इजरायल की रक्षा के लिए सामने आ गए। अमेरिकी राष्?ट्रपति जो बाइडेन ने बताया कि ईरान की तरफ से दागी गईं तकरीबन सभी मिसाइलों और ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया गया।

ईरान ने पहली बार खुले तौर पर इजरायल पर हमला कर दिया। ईरान ने सैकड़ों ड्रोन और मिसाइल से इजरायल पर हमला कर दिया। हालांकि, इजरायल और उसके सहयोगी देशों ने 300 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइल्स को निष्क्रिय कर दिया। इजरायल की जवाबी कार्रवाई और टकराव बढ़ने की आशंका के बीच अमेरिका समेत विश्व के तमाम देशों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से संयम बरतने की अपील की है, लेकिन उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो जरूरी होगा वह अवश्य करेंगे।

## रईसी ने फिर दी नेतन्याहू को धमकी

### - हमला हुआ तो इजराइल अंजाम भुगतने को रहे तैयार

तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने इजराइल के राष्ट्रपति नेतन्याहू को धमकी देते हुए कहा कि यदि उनके देश पर छोटा सा भी हमला हुआ तो तगड़ा और करारा जवाब मिलेगा। रईसी के इस बयान को लेकर ईरान-इजराइल के बीच हुए हमले के बाद मध्य पूर्व में एक बड़ी जंग होने का खतरा मंडराने लगा है। दरअसल इजराइल पहले ही कह चुका है कि वह ईरान पर जवाबी सैन्य कार्रवाई अवश्य ही करेगा। यही नहीं ईरान पर हमले की मंजूरी इजराइल की वार कैबिनेट ने भी दे दी है। ऐसे में दोनों देशों के बीच हमले होने की स्थिति बनती जा रही है। इससे पहले इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अमेरिका और पश्चिमी देशों के दबाव में नहीं आने और अपनी रक्षा का फैसला खुद लेने की बात करते हुए ईरान से बदला लेने की भी बात कह रखी है। यहां दूसरी तरफ तेहरान में सेना की सालाना वार्षिक परेड में बुधवार को ईरान के राष्ट्रपति रईसी ने हिस्सा लिया और कहा कि हमले ने यहूदी शासन (इजराइल) के वैभव को खत्म करके रख दिया है। इस परेड में ईरान की रेगुलर सेना और एलीट फोर्स इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर दोनों ही शामिल हुए थे। गौरतलब है कि इजराइल पर किए गए हमले को ईरान ने ऑनेस्ट प्रॉमिस का नाम दिया हुआ था। यही वजह है कि रईसी ने कहा, कि ऑनेस्ट प्रॉमिस ने दिखा दिया है कि हमारे सैन्य बल तैयार हैं।



## इमरान की सेना प्रमुख को धमकी बोले- मेरी पत्नी को कुछ हुआ तो छोड़ूंगा नहीं



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सेना प्रमुख को नहीं छोड़ने की धमकी दी है। जेल में बंद इमरान खान ने आरोप लगाया कि सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर उनकी पत्नी बुशरा बीबी की कैद के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। आपको बता दें कि बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के मामले के साथ-साथ इमरान खान के साथ अवैध निकाह के मामले में दोषी ठहराया गया था। उन्हें इस्लामाबाद में उनके बानी गाला निवास में हिरासत में रखा गया है।

इमरान खान ने कहा, अगर मेरी पत्नी को कुछ हुआ तो मैं आसिम मुनीर को नहीं छोड़ूंगा। जब तक मैं जिंदा हूं मैं आसिम मुनीर को नहीं छोड़ूंगा। मैं उनके असंवैधानिक और अवैध कदमों का पर्दाफाश करूंगा। इमरान खान ने कहा कि मुल्क में जंगल राज है और सब कुछ जंगल के राजा द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पीटीआई को उपचुनाव लड़ने से रोका जा रहा है। सेना ने इमरान खान के इन गंभीर आरोपों पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक ने अडियाला जेल में पत्रकारों से बातचीत में सेना प्रमुख पर कई आरोप लगाए। इस बाबत खान के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक लंबी पोस्ट अपलोड की गई है। इमरान खान ने कहा, मेरी पत्नी को दी गई सजा में जनरल आसिम मुनीर सीधे तौर पर शामिल हैं। उन्होंने दावा किया कि बुशरा को दोषी ठहराने वाले न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें यह फैसला देने के लिए मजबूर किया गया था।

# संयुक्त राष्ट्र पर कब्जा करने चीन ने अधिकारियों को रिश्वत देने की पेशकश

### - ड्रेगन की नापाक करतूत का रिपोर्ट से हुआ खुलासा

**जेनेवा (एजेंसी)।** चीन वैसे तो भारत और उसके आसपास के देशों की सीमाओं में दखल देता रहा है और अपने नापाक इरादों अंजाम देने की बराबर साजिश करता है। अब चीन की एक ओर नापाक करतूत सामने आई है। चीन ने कई बार संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों को रिश्वत की देने की कोशिश की है जिससे वह संयुक्त राष्ट्र पर कब्जा कर सकें लेकिन हर बार की तरह इस बार भी उसकी इस हरकत का पर्दाफाश हो गया।

भारत पर कब्जा करने की नीयत रखने वाले चीन की नापाक करतूत का संयुक्त राष्ट्र के व्हिसिलब्लोहर ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने चीन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन संयुक्त राष्ट्र पर कब्जा करना चाहता है, ताकि हर काम में उसकी तूती बोल सके। चीन चाहता है कि उसका संयुक्त राष्ट्र (यूएन) पर कब्जा हो जाए और फिर वह उसे अपने हिसाब से चला सके।

रिपोर्ट में दावा है कि चीन ने कई बार संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों को रिश्वत देने की कोशिश की। चीन के इस प्रोपोगेंडा का पर्दाफाश संयुक्त राष्ट्र व्हिसिलब्लोहर की सदस्य और मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की पूर्व कर्मचारी एम्मा रीली ने किया है। व्हिसिलब्लोहर ने कुछ सबूत भी पेश किए हैं। रीली ने रिपोर्ट में दावा किया कि चीन ने महामारी के बाद डब्ल्यूएचओ और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनपी) की रिपोर्ट में भी छेड़छाड़ करवाई। उइगर मुसलमानों के साथ दुर्व्यवहार को लेकर भी चीन ने पेश रिपोर्ट पर दबाव बनाया है। ऐसा दावा है कि यूएन के कुछ कर्मचारी ने चीन को उन मानवाधिकार कर्मचारियों के नाम बता है जिन्होंने रिपोर्ट बनाई थी, ताकि चीन उन अधिकारियों का पता लगा कर उनके संपर्क कर सके और रिश्वत देने की पेशकस कर सकें।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने कई बार यूएन में गंभीर मुद्दों पर चर्चा रोकने वोटों को भी प्रभावित किया और 2 बार महासभा के अध्यक्षों को रिश्वत भी देने की कोशिश की। व्हिसिलब्लोहर ने सबूत पेश कर आरोप लगाया कि चीन संयुक्त राष्ट्र महासभा में कानून के शासन, लोकतंत्र और मानवाधिकारों को हटा देना चाहता है। रीली ने मंगलवार को एक लेख प्रकाशित किया था, जिसमें ये सभी गंभीर आरोप चीन पर लगाए हैं।

# कैमरून को दिखा मणिपुर में धार्मिक संघर्ष

### -ब्रिटेन की संसद में उठाया मणिपुर हिंसा का मामला

### -विदेश मंत्री ने कहा- भारत से की है बात

**लंदन (एजेंसी)।** मणिपुर हिंसा का मामला ब्रिटेन की संसद में उठाया गया है। मणिपुर हिंसा मामले पर चर्चा कर रहे ब्रिटेन के विदेश मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरून ने कहा है कि मणिपुर के संघर्ष में साफ तौर पर धार्मिक पक्ष है। संघर्ष में चर्च को क्यों नष्ट किया गया? इससे साफ है कि मणिपुर हिंसा में धार्मिक आयाम है।

मणिपुर में जातीय हिंसा मामले पर हाउस ऑफ लॉर्ड्स को संबोधित कर रहे विदेश मंत्री एवं पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरून ने कहा कि मणिपुर में संघर्ष में साफ तौर पर धार्मिक पक्ष है। यह बात कैमरून ने विनचेस्टर के लॉर्ड बिशप के सवाल का जवाब देते हुए कही। उन्होंने ब्रिटिश संसद में कहा कि यह सही है कि हमें इस हिंसा के कुछ धार्मिक पहलुओं को कम करके आंकना नहीं चाहिए। हां, यह कभी-कभी सांप्रदायिक, आदिवासी या जातीय हो सकता है लेकिन कई मायनों में इसका धार्मिक हिस्सा तय होता है।



कैमरून ने एक अन्य धार्मिक स्वतंत्रता वाले सवाल के जवाब में कहा कि यह ऐसा मामला है जिसे अनेक मौकों पर भारत सरकार के सामने हमने उठाया है। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने मणिपुर हिंसा पर डेविड कैंपानेल की रिपोर्ट का अध्ययन किया है। यह रिपोर्ट बताती है कि इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि यदि (मणिपुर) घाटी के लोगों और पहाड़ियों के आदिवासियों के बीच जातीय या आर्थिक विवादों का हवाला देकर संघर्ष की व्याख्या की जाती है, तो भी इन बातों का जवाब तो मिलना शेष ही है। रिपोर्ट में पूछा गया है कि मणिपुर संघर्ष में चर्च क्यों नष्ट किए गए? इसका एक सीधा और स्पष्ट धार्मिक आयाम है।

### अयोध्या मामले को भी उठाया

वहीं दूसरी तरफ विंबलडन के लॉर्ड सिंह ने अपने बयान में कहा, कि यह सच है कि भारत संविधान धर्मनिरपेक्ष कहा जाता है, लेकिन बावजूद इसके अयोध्या में दंगे हुए हैं, जहां हजारों मुस्लमान मारे गए हैं। गृह मंत्री ने तब मुसलमानों को दीमक बताया था। एक ढहा दी गई मस्जिद पर एक हिंदू मंदिर बनाया गया। ईसाइयों पर बार-बार अत्याचार हो रहा है और सिखों से कहा गया कि यदि वे हिंदुओं की तरह व्यवहार करते हैं, तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। वरना, उन्हें अलगाववादी कहा जाता है। इसके साथ ही लॉर्डि सिंह ने राष्ट्रमंडल चार्टर में धार्मिक स्वतंत्रता को प्राथमिकता देने की अपील की है, जिस पर पूर्व प्रधानमंत्री कैमरून ने भी सहमति जताई है। कैमरुन ने सिंह की टिप्पणी पर सहमति जताते हुए कहा, कि भारत में धार्मिक सहिष्णुता और धार्मिक विश्वास की स्वतंत्रता के महत्व पर उन्होंने जो भी कहा है, वह महत्वपूर्ण है। ऐसे अवसर भी आए हैं जबकि हमने इसे भारत सरकार के समक्ष उठाया है और यह आगे भी जारी रहना चाहिए।

# भारत-अमेरिका मिलकर बनाएंगे लड़ाकू विमान के इंजन

### - अमेरिका रक्षामंत्री बोले-दोनों देशों के बीच हुआ समझौता है क्रांतिकारी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय वायु सेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमानों के इंजन बनाने के लिए भारत और अमेरिका के बीच हुआ समझौता एक क्रांतिकारी कदम है। यह बात अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सांसदों से कही। ऑस्टिन ने सदन को बताया कि अमेरिका के भारत के साथ अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा कि हमने हाल ही में भारत को विमान के इंजन बनाने में मदद की और यह एक तरह का क्रांतिकारी कदम है। इससे उनकी क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि हम भारत के साथ मिलकर एक बख्तरबंद वाहन का भी निर्माण कर रहे हैं। ऑस्टिन ने कहा कि अगर कुल मिला कर देखा जाए तो ये सब लंबे वक्त में क्षेत्र में हुए काम से काफी अधिक है। बता दें कि पीएम नरेन्द्र मोदी पिछले साल जून में अमेरिका की यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी।



जनरल इलेक्ट्रिक ने भारतीय वायुसेना के लिए लड़ाकू विमानों के इंजन बनाने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

# -एलियन की खोज में एक नई योजना हो रही तैयार: 'यूरोपा' पर अंतरिक्ष यान भेजने की तैयारी में नासा

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा इस साल अक्टूबर में 'बृहस्पति' ग्रह के बर्फीले चांद 'यूरोपा' पर अपना क्लिपर अंतरिक्ष यान भेजने की तैयारी में है। अंतरिक्ष यान साल 2031 में वहां लैंड करेगा। माना जा रहा है कि यूरोपा पर धरती जैसा वातावरण हो सकता है और वहां जीवन भी संभव हो।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'नासा जिन मूलभूत प्रश्नों को समझना चाहता है उनमें से एक यह है कि क्या हम ब्रह्मांड में अकेले हैं?' इसकी जानकारी इस मिशन के साइंटिस्ट बॉब पप्पालार्डो ने जानकारी दी। यूरोपा पर जीवन के लिए स्थितियां ढूंढनी हैं, तो इससे यह भी पता चल सकता है कि पूरे ब्रह्मांड में जीवन कितना सामान्य हो सकता है। इस मिशन में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा को 5 बिलियन डॉलर का खर्च आएगा। यह अंतरिक्ष यान वर्तमान में कैलिफोर्निया में नासा की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला में एक ÷क्लिन÷ रूम में रखा गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एजेंसी को यह सुनिश्चित करना चाहती है कि पृथ्वी के किसी भी जीवन के हिस्से को यूरोपा तक ले जाने से बचाने के लिए इसे ÷क्लिन÷ रूम में रखा गया है।

क्लिपर को अक्टूबर में एलोन मस्क के स्पेसएक्स से फाल्कन भारी रॉकेट पर लॉन्च किया जाएगा। उसे बृहस्पति तक पहुंचने में पांच साल से अधिक समय लगेगा। अपनी इस यात्रा के दौरान वह मंगल ग्रह से होकर भी गुजरेगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि यूरोपा जमे हुए पानी यानी बर्फ से ढका हुआ है। साइंचिस्ट ने बताया, 'हमारे पास कैमरे, और स्पेक्ट्रोमीटर, एक मैग्नेटोमीटर और एक रडार है जो वहां के बर्फ में सीधा घुस सकते हैं। उसके सतह से 'पानी' बाहर निकालेगा और साथ ही सतह पर वापस आकर हमें बताएगा कि बर्फ कितनी मोटी है और तरल पानी कहां स्थित है।'

मिशन प्रबंधक ने बताया कि क्या चंद्रमा पर ऐसी स्थितियां हैं, जो जीवन का समर्थन कर सकती हैं। यह लगभग पृथ्वी के चंद्रमा के आकार का है। इसके सतह के अंदर महासागर भी है, जो ज्वारीय बलों से पनपी गर्मी और ऊर्जा वहां पर सूक्ष्मजीवों के जीवन के लिए उपयुक्त परिस्थितियां बनाती हैं। यूरोपा क्लिपर मिशन के प्रोजेक्ट मैनेजर जॉर्डन इवांस ने अगर हमें वहां पर जीवन के संकेत मिल जाते हैं तो यह संभव हो जाएगी कि हमारो सौरमंडल से काफी दूर अंतरिक्ष में भी असंख्य जीवन हो सकते हैं और हम अंतरिक्ष में अकेले नहीं रह जाएंगें।' यूरोपा पर वातावरण काफी चुनौतीपूर्ण है, जो खोज में बाधाएं पैदा कर सकता है। तीव्र रेडिएशन यान के उपकरणों के खराब होने की संभावना रहती है।



# दादरा की ग्रोवर एंड वील इंडिया लिमिटेड कंपनी में फायर मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 18 अप्रैल। दादरा स्थित ग्रोवर एंड वील इंडिया लिमिटेड कंपनी में सिलवासा फायर विभाग के सहयोग से अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जहां सुबह 10 बजे दादरा ग्रोवर एंड वील इंडिया लिमिटेड इंडस्ट्री के पैकिंग डिपार्टमेंट के दूसरी मंजिल पर आग लगने की घटना उत्पन्न की गयी। कंपनी प्रबंधन द्वारा सुरक्षा आपातकाल सायरन बजाकर कंपनी के सभी स्टाफ को अलर्ट कर दिया और कंपनी के बाहर सुरक्षित जगह पर खड़े कर दिए गए। जहां दूसरी तरफ कंपनी के ही बहादुर स्टाफ ने फायर को काबू करने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कंपनी परिसर में लगे फायर सेफ्टी की मदद से कंपनी के दूसरे मंजिल पर लगी आग को बुझाने के प्रयास शुरू किया। कंपनी के मुख्य अधिकारी ने दादरा नगर हवेली फायर विभाग को भी इसकी जानकारी दी। कंपनी के कर्मचारियों द्वारा दूसरी मंजिल पर फंसे कुछ कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया, परंतु दो कर्मचारी अभी भी दूसरी मंजिल पर फंसे थे जहां थोड़ी देर में सिलवासा से आई दो फायर की गाडियों की टीम ने आग पर भी काबू किया और दूसरी मंजिल पर फंसे दो कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा गया। ग्रोवर कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राकेश कुमार सिंह ने बताया कि दादरा एक इंडस्ट्रीयल विस्तार है, यहां यदि कोई फायर की घटना बने तो सभी वर्करों और स्टाफ को फायर सेफ्टी की जानकारी होनी आवश्यकता है। इसी उपलक्ष्य में हम हर वर्ष हमारे कर्मचारियों को इसका प्रशिक्षण देते हैं, परंतु इस बार हमने फायर डिपार्टमेंट के साथ मिलकर फायर सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत मॉक ड्रिल का आयोजन किया। सिलवासा फायर डिपार्टमेंट से आए एएसएफओ शैलेष पटेल ने बताया कि सुरक्षा हम सब की जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने आगजनी की दुर्घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है इसके बारे में जानकारी दी। इस तरह दादरा ग्रोवर एंड वील इंडिया लिमिटेड कंपनी में फायर मॉक ड्रिल सुरक्षित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# हेमांग पटेल ने टेस्ट मैच के पहले दिन सूरत के सामने बनाए नाबाद 169 रन



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 18 अप्रैल। गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित रिलायंस आंतर जिला का तीन दिवसीय सेमी फाइनल मैच सूरत जिला और कंबाइंड जिला के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम-बी पर खेला गया। जिसमें सूरत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम कंबाइंड जिला के खिलाडियों ने शुरुआत में 27 रन पर 3 विकेट गवां दिये थे। उसके बाद कंबाइंड टीम के कप्तान उमंग टंडेल ने पारी संभाली और चौथे विकेट के लिए निर्भय के साथ 149 रनों की मजबूत भागीदारी की और सूरत जिला टीम को पीछे धकेल दिया। उमंग टंडेल ने 90 गेंदों पर 74 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 3 छक्का शामिल है। वहीं निर्भय ने 156 गेंदों पर 120 रन बनाए। हेमांग पटेल ने एक बार फिर आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए प्रतियोगिता का तीसरा शतक जड़ा है। हेमांग पटेल ने मैदान के चारों ओर छक्के और चौके की बरसात करते हुए सूरत जिला के सभी गेंदबाजों की जमकर पिटाई की और 144 गेंदों में 169 नाबाद रन बनाकर मैदान पर मौजूद है। जिसमें 15 चौके और 8 छक्के शामिल थे। इस प्रकार मैच का पहला दिन समाप्त होने पर कंबाइंड जिला की टीम ने 87 ओवरों में 6 विकेट गवांकर 458 रन बनाए है। क्रिकेट कोच भगू पटेल ने बताया है कि हेमांग और उमंग में वो काबिलियत है कि वो पूरी तरह से जानते है कि मैच में कैसे वापसी करनी है जो आज उन्होंने करके दिखाया है जिसे में खुश हू। मुझे पूरा विश्वास है कि वे आगे भी अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे और अपनी टीम को जीत दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# वलसाड जिले में विभिन्न स्थानों पर हुआ मतदान जागरूकता कार्यक्रम





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, वलसाड 18 अप्रैल। लोकसभा आम चुनाव-2024 के संबंध में वलसाड सीट पर 7 मई को मतदान होने जा रहा है। ऐसे में वलसाड जिले के प्रत्येक तालुका में मतदाता अधिकतम मतदान करें, यह सुनिश्चित करने के लिए स्वीप प्रबंधन समिति द्वारा विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता अपने मतदान के पवित्र अधिकार का प्रयोग करें इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर आयुष ओक के मार्गदर्शन में जिला स्वीप प्रबंधन समिति के नोडल अधिकारी एवं जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी डी. बी. वसावा और टीम द्वारा जीआईडीसी में विभिन्न स्थानों, ग्राम पंचायतों और स्कूलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज वापी और पारडी की औद्योगिक इकाइयों में विभिन्न कंपनियों के श्रमिकों को मतदान का महत्व समझाया गया। इसके अलावा वापी में अजीत पल्प एंड पेपर मिल में भी मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही उन्हें बूथ के नाम और नंबर की भी जानकारी होनी चाहिए ताकि यह जांचा जा सके कि उनका नाम वोटर लिस्ट में है या नहीं, वे किस तारीख को और कहां वोट करने जा रहे हैं और किस तारीख को मतदान करेंगे सहित की जानकारी दी गई। 7 मई को मतदान के लिए अवकाश के बारे में भी बताया गया। कार्यकर्ताओं को यह संकल्प भी दिलाया गया कि मैं मतदान अवश्य करूंगा। इन कार्यक्रमों में एवरी वोट मैटर्स, नथिंग लाइक वोटिंग, वोट फॉर श्योर के बैनर और रंगोलियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता फैलाई गई। धरमपुर के नटवर पार्क में भी मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# वापी के सलवाव स्थित श्री घनश्याम विद्यामंदिर में मतदान के महत्व पर नाटक का मंचन किया गया



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, वलसाड 18 अप्रैल। वापी के सलवाव में श्री स्वामीनारायण शिक्षा सेवा केंद्र द्वारा संचालित श्री घनश्याम विद्यामंदिर माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लोकसभा आम चुनाव 2024 के संबंध में लोकतंत्र में मतदान जागरूकता पैदा करने के लिए छात्रों द्वारा मतदान के महत्व पर एक सुंदर नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक द्वारा मतदान क्यों आवश्यक है? इसकी जानकारी छात्रों ने दी। इसके साथ ही छात्र उत्तम टांक एवं ओम दामा द्वारा मतदान जागरूकता पर सुंदर भाषण प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद विद्यालय के प्राचार्य चंद्रवदन पटेल ने भी कहा कि मतदान करना देश के प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य है, 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रत्येक नागरिक अपने मत का प्रयोग करें, इसके लिए उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की। उन्होंने घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यार्थियों को आवश्यक सुझाव दिये। वोट नहीं देंगे तो बहुत नुकसान होगा, मेरा वोट, मेरा भविष्य और एक वोट की ताकत के बैनर के माध्यम से मतदान जागरूकता फैलाई गई। इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु संस्थान के मैनेजिंग ट्रस्टी पूज्य कपिल स्वामी, शैक्षणिक निदेशक डॉ. शैलेष लुहार, एडमिन डायरेक्टर हितेन उपाध्याय ने बधाई दी।

# वलसाड के सरोण गांव में सखी मंडल की बहनों ने रंगोली के माध्यम से मतदान के लिए फैलाई जागरूकता






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, वलसाड 18 अप्रैल। वलसाड तालुका में लोकतंत्र के महापर्व को मनाने में सखी मंडल की बहनें भी उत्साह से शामिल हुई हैं। सरोण गांव में मतदान जागरूकता कार्यक्रम के तहत करीब 40 बहनों ने रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर मेरा वोट, मेरा अधिकार, लोकतंत्र का पर्व और मतदान अवश्य करें का संदेश दिया और मतदान करने का संकल्प भी लिया।

# नुमा इंडिया कराटे सेमिनार, कलर बेल्ट एग्जाम और ब्लैक बेल्ट प्रीटेस्ट का सफल आयोजन हुआ



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 18 अप्रैल। नुमा इंडिया द्वारा बैडमिंटन हॉल बाल भवन मोटी दमण में काता सेमिनार, कलर बेल्ट ग्रेडेशन और ब्लैक बेल्ट प्रीटेस्ट का आयोजन करने में आया। सेमिनार में कराटे विद्यार्थियों को वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के काता टूर्नामेंट रूल्स को बारीकी से समझाया गया और शोतोकन कीहोन और काता की ट्रेनिंग चीफ कोच सेंसई अर्जुन उदेशी द्वारा दी गई, जिसमें बच्चों को टूर्नामेंट लेवल की प्रैक्टिस करवाई गई। इसी दिन कलर बेल्ट ग्रेडशन भी रखा गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा एक्सरसाइज, बेसिक, जी. के. और काता का प्रदर्शन करने में आया उस आधार पर विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट और बेल्ट प्रदान किए गये। इस साल के नुमा ब्लैक बेल्ट एग्जाम में प्रतिभागी होने वाले विद्यार्थियों के लिए ब्लैक बेल्ट प्रेटेस्ट का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्राची ने ए प्लस ग्रेड, आयुषी, निष्क, सांईकिरण और बंटी ने ए ग्रेड जबकि सूरज ने बी प्लस ग्रेड प्राप्त किया। नुमा इंडिया डायरेक्टर आकाश उदेशी ने ब्लैक बेल्ट ग्रेडशन के लिए इन 6 चयन हुए विद्यार्थियों को शुभकामना दी। इस सेमिनार, एग्जाम और ब्लैक बेल्ट प्रीटेस्ट को सफल बनाने के लिए नुमा असिस्टेंट ट्रेनर सेंसई पार्थ पार्दीकर, सेंसई निकिता उदेशी और ब्लैक बेल्ट टीम से सिंचाई प्रिंस पालेकर और ओसेम्पई तनिष्ठा वर्मा और ओसेम्पई प्रांशु गजरे ने सहयोग दिया। नुमा इंडिया टीम ने दमण स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट और बाल भवन दमण का भी आभार व्यक्त किया।

# राज्य में हवा की दिशा बदलने से 2 से 3 डिग्री घटेगा तापमान, मौसम विभाग की राहत देनेवाली खबर

अहमदाबाद (ईएमएस)। राज्य में भीषण गर्मी के बीच राहत देनेवाली खबर मौसम विभाग ने दी है। जिसके मुताबिक लोगों को भीषण गर्मी से आंशिक राहत मिलेगी। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य में हवा की दिशा बदलने से गर्मी घटेगी। अगले 24 घंटों के बाद तापमान 2 से 3 डिग्री तक घट सकता है। दूसरी ओर सौराष्ट्र के पोरबंदर, जूनागढ़ और भावनगर में हिटवेव की संभावना व्यक्त की गई है। जिसे देखते हुए सौराष्ट्र में यलो अलर्ट जारी किया गया है। गर्मी और नमी के कारण तटीय क्षेत्रों में असहजता होगी। दूसरी ओर राज्य में हिटवेव की संभावना को देखते हुए प्रशासन हरकत में आ गया है। राजस्व विभाग ने विभिन्न विभागों को पत्र लिखकर गुजरात हिटवेव 2024 के तहत कार्यवाही करने का आदेश दिया है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक तैयारियों का आदेश दिया है। जिसमें सरकारी अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखने की हिदायत दी गई है। साथ ही हिटवेव से बचने के उपायों का प्रचार प्रसार करने का भी आदेश दिया गया है।










स्वामी: मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)